तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 29 जनवरी 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]



व्यापार विहार रोड पर लगे डिवाइडर का ग्रिल फिर एकबार चोरों के हाथ लग गया है। चोरी होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप

### डीए और बोनस का आदेश महासंघ ने जताई खुशी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारियों की बोनस/ अनुग्रह की राशि एवं 4 प्रतिशत मंगाई भत्ता जल्द ही मिल सकेगा। कंपनी ने 26 जनवरी को इसके आदेश जा कर चुका है।

### दिन का तापमान बढ़ा रातें अभी भी ठंडी

**बिलासपुर।** दिन में तेज धूप निकलने और आसमान में बादल छाए रहने से अधिकतम तापमान बढ़ता जा रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं रात में ठंड पड़ने से न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया है।

# फ्लाई बिग ने लिया बिडिंग में हिस्सा, मिल सकती है नई फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा एयरपोर्ट को जल्द ही नई हवाई सेवा मिल सकती है, देश की नई एयरलाइन्स कंपनी फ्लाईबिग बिलासपुर-अंबिकापुर मार्ग पर उड़ान भरने के लिए बिडिंग में शामिल हो चुकी है। टेंडर फाइनल होने पर बिलासपुर से अंबिकापुर का सफर फ्लाइट से पूरी हो सकेगी। खास बात यह है कि फ्लाईबिग की कई फ्लाइट कोलकता और हैदराबाद के लिए उड़ान भरती है, ऐसे में आने वाले दिनों में यही फ्लाइट बिलासपुर तक एक्सटेंड हो सकेगी।

साल 2020 से एयरो इंड्रस्ट्रीज में कदम रखने वाली फ्लाईबिग एयरलाइन्स कंपनी ने एएआई द्वारा जारी बिलासपुर से अंबिकापुर मार्ग पर फ्लाइट चलाने के लिए बिडिंग में हिस्सा लिया है। इससे बिलासा एयरपोर्ट से एक ओर फ्लाइट की सुविधा मिल सकेगी। सूत्रों के अनुसार एयरलाइन्स कंपनी के पास 18 से अधिक फ्लाइट है, इनमें से कुछ फ्लाइट कोलकाता और हैदाराबाद के लिए चल रही है, जिसके विस्तार के साथ बिलासपुर से अंबिकापुर फ्लाइट शुरू की जा सकती है। ऐसा होने पर बिलासपुर से हैदराबाद और कोलकता की हवाई उड़ान आसान हो सकती है। वहीं दूसरी ओर सरकारी एयरलाइन्स कंपनी अलायंस एयर का अनुबंध भी 29 फरवरी को समाप्त हो रहा है, इस संबंध में एयरलाइन्स कंपनी और एएआई के द्वारा कोई अधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, ऐसे में हवाई सुविधा अधर में है। बताया जा रहा है कि वेबसाइट पर महज फरवरी माह तक की टिकट बुकिंग उपलब्ध है ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि मार्च से बिलासपुर से जबलपुर, प्रयागराज और दिल्ली की फ्लाइट बंद हो सकती है।

बिलासपुर-अंबिकापुर मार्ग पर उड़ान भरने की तैयारी



### उड्डयन मंत्री ने भेजा था पत्र

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव द्वारा अंबिकापुर से नई फ्लाइट शुरू करने का प्रस्ताव उड्डयन मंत्री को भेजा गया था, जिसके जवाब में केन्द्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पत्र लिखकर पूर्व डिप्टी सीएम को सूचित किया था कि उड़ान 4.2 के तहत बिलासपुर-अंबिकापुर और अंबिकापुर-रायपुर मार्ग के लिए फ्लाइबिग एयरलाइन्स कंपनी को अवार्ड कर दिया गया है।

### नियमों में किया गया है संशोधन

रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम को बढ़ावा देने के लिए कई नियमों में संशोधन कर दिया गया है। ज्यादा से ज्यादा एयरलाइन्स कंपनी नई फ्लाइट शुरू करने को आकर्षित हो सके इसलिए प्रस्ताव भी दिए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि साल 1994 में वायु निगम अधिनियम को समाप्त कर दिए जाने के साथ ही भारतीय घरेलू विमानन को पूरी तरह से नियंत्रणमुक्त कर दिया गया है। एयरलाइन्स कंपनी किसी भी एयरपोर्ट से अपनी नई सेवा शुरू कर सकती है, महज एएआई द्वारा रूट और एयरपोर्ट द्वारा समय का निर्धारण किया जा रहा है।

### नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

रविवार को बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट का नोडल अधिकारी अजय कुमार अग्रवाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान एयरपोर्ट पर चल रहे 3 सी आईएफआर के उन्नयन कार्य का जायजा लिया गया। अधिकारी ने पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जा रहे कार्य की समीक्षा भी की। बताया जा रहा है कि सोमवार को मुख्य सचिव एयरपोर्ट के विकास के मुद्दे को लेकर वीसी ले सकते हैं, ऐसे में नोडल अधिकारी ने एक दिन पहले ही एयरपोर्ट पहुंचकर सभी निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान पैरीमीटर बाउंड्रीवाल, एयरक्राफ्ट आईसोलेशन बे, फायर एप्रोच रोड, रनवे स्ट्रीप की लेबलिंग, एजीएल जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान एयरपोर्ट डायरेक्टर, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य शासन ने आईटीआई भवन के बगल में दी जमीन

# 200 करोड़ में बनेगा लघु, मध्यम उद्योग का ट्रेनिंग प्रोडक्शन सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी में आईटीआई के बगल में 20 एकड़ जमीन पर 200 करोड़ की लागत से केंद्र सरकार द्वारा एमएसएमई (लघु एवं मध्यम उद्योग) के लिए ट्रेनिंग और प्रोडक्शन सेंटर खोला जा रहा है। राज्य शासन ने इसके लिए जमीन उपलब्ध करा दी है और ये राज्य उद्योग विभाग के नाम पर एलाट भी हो गया है। अब केन्द्रीय उद्योग विभाग इस जमीन को अपने आधिपत्य में लेते हुए ट्रेनिंग सेंटर खोलने की प्रक्रिया पूरी करेगा। दरअसल योजना के तहत जमीन राज्य शासन देगी तो बजट का एलाटमेंट केन्द्र की ओर से किया जाना था। एमएसएमई के डायरेक्टर राजीव एस नायर के मुताबिक बिल्डिंग और बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए एजेंसी नियुक्त कर दी गई है। टीम जल्द ही बिलासपुर पहुंचकर काम शुरू करेगी। एजेंसी को ड्राइंग डिजाइन भी सौंप दी गई है।

ध्यान रहे कि दो साल से इसकी प्रक्रिया चल रही है। केन्द्र ने इसके लिए राज्य सरकार से 20 एकड़ जमीन मांगी थी। सरकार की ओर से प्रस्तावित तीन जगहों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के लिए केंद्र ने पांच सदस्यीय टीम गठित की थी। इनमें संयुक्त निदेशक एमएसएमई-डीआई रायपुर, मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बिलासपुर, प्रभारी सीएसआईडीसी, उप महाप्रबंधक एमएसएमआई, टेक्नोलाजी सेंटर दुर्ग व छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ शामिल थे। इसमें से कोनी आईटीआई के बगल की जमीन को फाइनल करते हुए उद्योग विभाग के नाम पर चढ़ा दिया गया है। सीएसआईडीसी के सीजीएम एमएल खुसरे के अनुसार इसके तहत खसरा नंबर 290, 357, 358, 361 में से 16 एकड़ 61 डिस्मिल और खसरा नंबर 356, 359, 360, 362 में से तीन एकड़ 39 एकड़ जमीन राज्य के वाणिज्य और उद्योंग विभाग को आबंटित की गई है।



### केन्द्रीय मंत्रालय जल्द काम शुरू करेगा

केन्द्रीय उद्योग मंत्रालय ने जमीन अपने आधिपत्य में लिया

### दुर्ग के बाद प्रदेश का दूसरा सेंटर होगा

ट्रेनिंग और प्रोडक्शन सेंटर के लिए सीपत क्षेत्र के सेलर में भी जमीन का चिन्हांकन करते हुए प्रस्ताव भेजा गया था जिसे स्वीकार नहीं किया गया था। इसके साथ ही निरीक्षण करने वाली टीम ने बिल्हा विकासखंड अंतर्गत एठुलकांपा व ग्राम सिलपहरी के औद्योगिक क्षेत्रों का भी जायजा लिया था। इसके अलावा बिल्हा विकासखंड अंतर्गत ग्राम रमतला व तखतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम नगोई में इस ट्रेनिंग सेंटर के लिए जमीन की तलाश की गई थी। अंत में लेकिन कोनी आईटीआई के बगल वाली जमीन पर इस ट्रेनिंग सेंटर को स्थापित करने का फैसला लिया गया है। ध्यान रहे कि बिलासपुर में स्थापित होने के बाद प्रदेश का यह दूसरा सेंटर होगा। इससे पहले दुर्ग के बोरई में यह सेंटर संचालित हो रहा है।

### अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र सुपर ग्रेड आईटीआई

इस सेंटर अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र होगा और इसे सुपर ग्रेड आईटीआई भी कहा जा सकता है। इसमें कई प्रकार के कोर्स चलेंगे। कम्प्यूटर लैब के अलावा सेंटर के प्रोडक्शन हाउस, प्रशिक्षण केंद्र, एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक और हॉस्टल का निर्माण होगा। कहा जा रहा है कि जल्द ही भवन और सेंटर के निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। इस सेंटर 8 वीं से लेकर 12 वीं और कालेज स्तर तक के कोर्स होंगे और उसी हिसाब से एडमिशन होगा। पूरी तरह से संचालन के बाद यहां प्रशिक्षण लेने वाले युवा टूल्स, डाई, मोल्डिंग (डिजाइन) व दूसरे उपकरणों का उत्पादन करेंगे। उद्यमियों को सस्ती दरों पर नई तकनीकी से विकसित उपकरण सब्सिडी पर मुहैया कराए जाएंगे। इसमें फुलटाइम से लेकर पार्ट टाइम तक के कोर्स शामिल किए गए हैं।

### प्रशिक्षित होकर कुशल बनेंगे श्रमिक

ट्रेनिंग और प्रोडक्शन सेंटर की मांग छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक संघ ने की थी। इसके बाद केंद्र सरकार सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने टेक्नोलाजी सेंटर की स्थापना करने की स्वीकृति दी। छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया के अनुसार इस टेक्नोलाजी सेंटर से लघु व मध्यम उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। जरूरत के मुताबिक श्रमिकों को प्रशिक्षित कर कुशल बनाया जाएगा। उद्योगों को द्वारा निर्मित वस्तुओं की जांच भी होगी। उद्योगों को लगने वाले डाई व मशीन कलपुर्जों का निर्माण भी यहीं हो सकेगा। इसके साथ ही यह सेंटर उद्योगपतियों के संपर्क में रहेगा और उनकी मदद के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। इससे श्रमिकों के लिए रोजगार का द्वार भी खुलेगा।

### जल्द काम शुरू होगा

जमीन का आबंटन राज्य सरकार द्वारा कर दिया गया है। केंद्र सरकार के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा जल्द ही इसका आधिपत्य लिया जाएगा। मशीनों और उपकरणों की व्यवस्था भारत सरकार द्वारा की जाएगी। इस सेंटर में आवासीय प्रशिक्षण की भी व्यवस्था रहेगी। काम करने वाली एजेंसी को ड्राइंग- डिजाइन सौंप दिया गया है। जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

**- राजीव एस नायर**
डायरेक्टर, एमएसएमई

# देवी-देवताओं को नहीं मानने की शपथ दिलाने वाला प्रधान पाठक निलंबित, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गांव वालों को हिंदू देवी देवताओं को नहीं मानने, राम कृष्ण को अवतार नहीं मानने की शपथ दिलाने वाले प्रधान पाठक के खिलाफ रतनपुर थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। मामले में पुलिस ने प्रधान पाठक को गिरफ्तार कर लिया है। इधर शिक्षा विभाग ने उक्त प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है।

सोशल मीडिया में दो दिन पहले हिंदू देवी देवताओं को नहीं मानने और राम कृष्ण को अवतार नहीं मानने की शपथ दिलाते वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो को भरारी स्थित स्कूल का बताया गया। साथ ही शपथ दिलाने वाले को स्कूल का प्रधान पाठक बताया गया। वीडियो वायरल होने की जानकारी मिलने पर शिक्षा विभाग की ओर से भरारी स्थित स्कूल में पदस्थ प्रधान पाठक रतनलाल सरोवर को निलंबित कर दिया गया। इधर घटना की जानकारी होने पर धार्मिक संगठनों ने मामले की शिकायत रतनपुर थाने में करते हुए जुर्म दर्ज करने की मांग की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रधान पाठक रतनलाल सरोवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने प्रधान पाठक को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने कार्रवाई की जा रही है।



आरोपी

### स्कूल में नहीं अपने गांव में दिलाई थी शपथ

शिक्षा विभाग के अफसरों का कहना है कि वायरल वीडियो को पहले भरारी स्थित स्कूल का बताया गया। साथ ही इसे 26 जनवरी की घटना बताई गई। बाद में पता चला है कि प्रधान पाठक पास के ही गांव मोहतराई के रहने वाले हैं। उन्होंने अपने गांव में 22 जनवरी को एक कार्यक्रम के दौरान अपने गांव के कुछ लोगों को यह शपथ दिलाई थी। इसमें उनके गांव के ही कुछ लोग और बच्चे शामिल हुए थे।

### जांच के बाद कड़ी कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने बताया कि एक वीडियो में भरारी स्कूल के हेड मास्टर रतन लाल स्टूडेंट्स को बौद्ध धर्म स्वीकार करने की शपथ दिलाते हुए नजर आए। जिसके बाद भरारी के शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रतन लाल सरोवर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनका ये काम सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल पाया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय बिल्हा रहेगा। एक दो दिन में आरोप पत्र जारी किया जाएगा। आरोप सिद्ध होने पर उनके खिलाफ विभागीय जांच किया जाना प्रस्तावित किया है।

DELHI PUBLIC SCHOOL
BILASPUR
Day-cum-Residential School
Congratulations



Arman Ubhrani - of class I " The Google Boy " for receiving the
PRADHAN MANTRI
RASHTRIYA BAL PURASKAR 2024

ADMISSIONS OPEN 2024-25
Pre-Nursery to IX & XI
• Science • Commerce • Humanities
Air-Conditioned Classrooms & Hostel



QR Code for Online Registration

Applications are invited for the following posts
- PGT, TGT & PRT All Subjects
- Activity Faculties : Phy. Education,Dance, Music, Art
- Office Accountant & Assistants
- Admission counsellors
- Office Superintendent/Estate Manager

Send your resume to : principal@dpsbilaspur.edu.in

+91-7771011656 admissions@dpsbilaspur.edu.in www.dpsbilaspur.com
Delhi Public School Bilaspur, Raipur Road, Tifra Bilaspur (C.G.) 495001

## शहर के 9 थानों में होती है हर हफ़्ते काउंसिलिंग

# 'निजात' से सैकड़ों लोगों को मिली नशे से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निजात अभियान से शहर के सैकड़ों लोगों को नशे से मुक्ति और जिंदगी जीने की नई वजह मिली है। कुछ लोग नशे से निजात पाने की राह पर हैं। काउंसिलिंग के साथ-साथ नशे में लिप्त लोगों के आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प के कारण ऐसे लोग मुख्यधारा में वापस आ रहे हैं।



एसपी संतोष सिंह के मार्ग दर्शन में निजात अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान अन्तर्गत अवैध नशे के ख़िलाफ़ कड़ी कार्यवाही, व्यापक जन जागरूकता के साथ साथ काउंसिलिंग और इलाज उपलब्ध करवा कर नशे से निजात दिलाई जा रही है। निजात अभियान अन्तर्गत काउंसिलिंग विभिन्न एनजीओएस जैसे सक्षम, डाक्टरों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से कराया जा रहा है। थानों में काउंसिलिंग 9 जुलाई 2023 से प्रारंभ है और हर हफ़्ते रविवार को शहर के थानों में काउंसिलिंग होती है। अभी तक 1500 से अधिक लोगों की काउंसिलिंग की गई है। इन में से कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें मानसिक चिकित्सा की ज़रूरत थी, उन्हें संबंधित डॉक्टर को रेफेर भी किया गया।



नशा करने वालों की काउंसिलिंग करते अधिकारी।

### अपचारी बालकों की करेंगे काउंसिलिंग

अब बिलासपुर पुलिस, यूनिसेफ़ और सीएसजे के साथ दिशांत, निजात अन्तर्गत का आरंभ किया है। इसके तहत ऐसे अपचारी बालकों को दिशान्त कक्ष में काउंसिलिंग के साथ अन्य मनोवैज्ञानिक उपकरण की मदद दी जाती है। इसका उद्देश है कि ऐसे अपचारी बालकसमाज के मुख्य धारा से जुड़ सके।

### नियमित काउंसिलिंग से आया बदलाव

कोतवाली क्षेत्र के विनोद साहू के नशे के कारण घर में परिवारिक कलह बना हुआ था। उसके दोस्त ने निजात की काउंसिलिंग के बारे में बताया। उसके द्वारा नियमित रूप से काउंसिलिंग में आने से उसकी स्थिति में सुधार आया। इसके परिवर्तन से उसके परिवार वाले दोस्त एवं मोहल्लेवासी काफी खुश है।

### बस्ती के लोगों को करेंगे जागरुक

मिनी बस्ती निवासी मुकेश टंडन पेशे से ड्राइवर हैं। मुकेश दिन रात नशे में धुत रहते थे। एक दिन उनकी नजर निजात के दीवार लेखन पर पड़ी। उसमें दिए गए नंबर से संपर्क किया। थाने स्तर पर उसकी नियमित तौर पर काउंसिलिंग की गई। अब मुकेश कहते हैं कि निजात अभियान के बारे में अपने बस्ती के लोगों को भी जागरूक करेंगे।

**खबर संक्षेप**



## सावधान होकर करें भागवत कथा का श्रवण

**तखतपुर।** ग्राम डोमनपुर में जायसवाल परिवार द्वारा संगीतमय श्री मद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 26 जनवरी से 2 फरवरी तक किया जा रहा है। 26 जनवरी को कलश यात्रा के साथ यज्ञ की शुरूआत हुई। कथा वाचक कौशल किंकर पं. भूषण कृष्ण शास्त्री है। प्रथम दिवस पं. शास्त्री ने भागवत सुनने की विधि विधान व भागवत जी महात्म्य का कथा श्रवण कराते हुए बताया कि कथा श्रवण श्रोता को सावधान होकर सुनना चाहिए। सावधान शब्द चार अक्षर से बना है सा से कथा श्रवण साधु की तरह दसो इंद्रियों सहित मन को साध कर एकाग्रता से विवेकपूर्ण ढंग से सुन कर कथा को धा से धारण कर जीवन में न से निर्माण करना चाहिए। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक रखा गया है।

## देशहा साहू समाज सेमरताल का वार्षिक बैठक संपन्न

**सेमरताल।** देशहा साहू समाज की वार्षिक बैठक 26 जनवरी को साहू समाज धर्मशाला सेमरताल में हुई। बैठक की शुरुआत समाज के कुल देवी शारदा माता के जयकारों के साथ हुई। समाज के सदस्यों ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की। समाज हित में वार्षिक कार्ययोजना बनाई गई। इस बैठक में देशहा साहू समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने सर्वसहमति से नए संचालन मंडल का गठन भी किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए लक्ष्मण साहू, उपाध्यक्ष पद पर शिवकुमार साहू, सचिव के पद में प्रमोद साहू, कोषाध्यक्ष के लिए सरजू प्रसाद साहू एवं समाज के प्रवक्ता के तौर पर रामेश्वर साहू (बड़े साव) को सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में रामेस्वर साहू, रामकुमार साहू, (कुशवा साव) बलदाऊ साहू, गौरीशंकर साहू रामेसश्वर साहू (बड़े साव), नरोत्तम साहू, गेंदराम साहू , अवधराम राम साहू, प्रमोद साहू, ध्रुव कुमार साहू सरजू साहू, सुखदेव साहू, रामायण साहू, लक्ष्मण साहू, गणेश साहू, रमेश साहू अशोक साहू विनोद साहू संतोष साहू, साहिल, मयंक, जोगिराम साहू, राजकुमार साहू, रमेश साहू, मंथन, कनक, परिधान एवं समस्त साहू समाज उपस्थित थे।

## कच्ची महुआ शराब जब्त मामला पंजीबद्ध



**तखतपुर।** अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे कच्ची महुआ शराब को पुलिस ने जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि होलिका चौक तखतपुर में एक महिला अपने घर में अवैध रूप से बिक्री के लिए देशी प्लेन शराब रखी हुई है सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर संतोष भोई के पास से 120 पाव देशी प्लेन शराब जप्त करते हुए उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम 34, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

**निधन**

## फसीहा खानम

**बिलासपुर।** भारतीय नगर निवासी फसीहा खानम का 28 जनवरी को इंतकाल हो गया। उनका जनाजा 29 जनवरी को जोहर की नमाज के बाद मरीमाई कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा। वे इरफान अहमद खान, फुरकान अहमद, फरहान अहमद की मां थीं।

## भंवरलाल तिवर



**मुंगेली।** सदर बाजार निवासी भंवरलाल तिवर का 27 जनवरी को दोपहर में आकस्मिक निधन हो गया। वे अमित गोलू, सुमित टीनू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# दफ्तरों-स्कूलों में अफसरों, शिक्षकों ने दी राष्ट्र ध्वज को सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तूरी

गणतंत्र दिवस पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में सरपंच मायारानी मरकाम ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य कुमारी व्हीआर सैमुएल, प्राचार्य जयप्रकाश ओझा,भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय अंचल सहित पंचायत प्रतिनिधि ग्रामवासी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। 75 वां गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर स्थानीय जनपद पंचायत प्रमाण में जनपद अध्यक्ष सावित्री रामायण राठौर ने ध्वज को सलामी दी ।साथ ही स्थानीय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय, बीआरसी भवन, कार्यालय पशुधन विकास विभाग सहित विभिन्न शासकीय अर्धशासकीय कार्यालय प्रांगण में जनपद अध्यक्ष सावित्री रामायण राठौर, उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर ने झंडा फहराया।

इस अवसर पर सीईओ जे आर भगत, आरईएस एसडीओ अमित कुमार बंजारे, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा रुचि विश्वकर्मा, पंचायत निरीक्षक बी.एल.कुर्रे, बीईओ अश्वनी कुमार भारद्वाज,एबीओ शिवराम टंडन, बीआरसी भागवत साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ए. के. आहिरे, पशुधन विकास विभाग के प्रभारी अधिकारी डॉ यशवंत डहरिया सहित शासकीय अधिकारी कर्मचारी व जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में बीएमओ अनिल कुमार व थाना परिसर में नगर निरीक्षक रविंद्र कुमार अनंत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर विभाग के समस्त स्टाफ ध्वज को सलामी दी।

## कुकड़ा सहकारी समिति में लहराया तिरंगा

**खम्हरिया।** ग्राम पंचाय कुकड़ा सेवा सहकारी समिति में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। भारत माता की पूजा अर्चना कर तिरंगा झंडा फहराया गया। राष्ट्रगीत के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर धान खरीदी केंद्र प्रभारी कोमल प्रसाद अहीर, कंप्यूटर ऑपरेटर कृष्ण कुमार वस्त्रकार, गांव के किसान संतोष पटनवार, सतीश पांडेय, वेदराम पटनवार, राम बाबूलाल पटनवार एवं धान खरीदी केंद्र के समस्त सहयोगी उपस्थित थे।



## गांधी चौक में सेवादल ने फहराया तिरंगा

**तखतपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेवादल द्वारा नगर के गांधी चौक में नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा श्रीवास ने ध्वजारोहण कर शहीदों को याद किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के दिन हम सभी उन सभी शहीदों को याद कर उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते है जिनकी बदौलत भारत अंग्रेजों की हुकूमत से आजादी पाई और गणतंत्र बनाने में उनकी योगदान को हम याद करते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप ताम्रकार एवं आभार प्रदर्शन परविंदर सिंह खेड़ा ने किया। इस अवसर पर मुकीम अंसारी, बिहारी देवांगन, अवधेश शुक्ला, बसंत गुप्ता, अजय सिंह ठाकुर, राधे देवांगन, दिलीप बंजारे, राजू ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।



### शहीद स्मारक में ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस के नेतृत्व में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जहां ध्वजारोहण जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मुन्ना श्रीवास ने ध्वजारोहण किया और शहीदों को याद किए। इस अवसर पर सुरेश सिंह ठाकुर, अजय देवांगन, बिहारी देवांगन, जुगलकिशोर कौशिक, नितेश मिश्रा, शैलेंद्र निर्मलकर, लक्ष्मी यादव, घनश्याम जांगड़े, मिर्जा बेग,राजू ठाकुर, आवेश जान, जितेंद्र राज, शैलेंद्र आहूजा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## रैली में गूंजे देशभक्ति गीत



**मस्तूरी।** ग्राम कटहा में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला प्रांगण में 75 वा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। यहां छात्र छात्राओं ने ₹भारत देश हमारा प्राणों से प्यारा विजयी रहे विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा वीर तुम बढ़े चलो धीर तुम बढ़े चलो गीतों से रैली निकाली। शाला परिसर में प्रगतिशील पेंशनर संघ के अध्यक्ष एस एन गुप्ता ने ध्वजारोहण किया बच्चों व स्टाफ जन राष्ट्रीय गीत गाए। इस अवसर पर शाला के. के. राजभानु ,पायल सोनी, पुष्पेंद्र चंदेल, अंतराम यादव, लव सिंह चंदेल, राकेश पटेल, राजेंद्र ,संतोष, कृष्णा यादव, पंच, शाला प्रबंधन समिति, स्व सहायता समूह की महिला सदस्य गण व ग्रामीण उपस्थित थे। आंगनबाड़ी कटहा में रमतिला रुक्मणी मरावी द्वारा झंडा रोहण कराया गया। यहां जेठूराम यादव के साथ बुजुर्गों की उपस्थिति उल्लेखनी रही। अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

## दिखा राष्ट्रप्रेम व देशभक्ति का जज्बा



**सीपत।** गणतंत्र दिवस पर सीपत अंचल में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का जज्बा दिखा। सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों में सद्भावना एवं हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। शासकीय कन्या हॉयर सेकंडरी स्कूल ग्राम पंचायत भवन आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मछुआ कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष व ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र धीवर ने झंडारोहण किया। इस दौरान सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप पंच दिलीप वर्मा विनोद यादव विनोद विजय डॉ संतोष साहू ईश्वर सत्यार्थी सेवानिवृत्त शिक्षक गणेशराम यादव किशुनलाल कुंभकार उपस्थित रहे। सभी संस्थाओं में वीर शहीद विनोद को याद किया गया। वीरानी पब्लिक स्कूल में एनटीपीसी इंटक अध्यक्ष सलीम वीरानी तहसील में तहसीलदार सुश्री डॉ सिद्धि गवेल सीपत थाना में टीआई नरेश चौहान विद्युत विभाग में एई आर के चौहान ध्वजारोहण किया।

## प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना आवश्यकः धीवर



**सीपत।** गणतंत्र दिवस पर सीपत अंचल में सभी ओर राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का जज्बा दिखा। वैदिक महाविद्यालय सीपत में सद्भावना एवं हर्षोल्लास के साथ संस्था की उपसंचालिका मीना पांडेय ने ध्वजारोहण किया गया। श्रीमती पांडेय ने शहीद विनोद को याद करते हुए कहा कि सीपत के माटीपुत्र शहीद विनोद की शहादत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। देश के लिए उनके प्राणों का बलिदान कभी बेकार नहीं जाएगा। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र धीवर ने कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक हिमांशु गुप्ता ने किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बांके बिहारी गुप्ता सीपत विद्युत विभाग एई आरके चौहान जेई अनुराग सोनी गणेशराम यादव पंच दिलीप वर्मा डॉ संतोष साहू विनोद यादव विनोद विजय सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

## देश की आत्मा है संविधान की मूल प्रस्तावना



**सेमरताल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विघालय सेमरताल में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। गांव के भारत भवन में ध्वजारोहण किया गया। बालक पूर्व माध्यमिक शाला में ग्राम पंचायत के उप सरपंच श्यामसुदर सूर्यवंशी, पंच विकास कौशिक, नंदकुमार साहू, अनीता कौशिक एवं प्राचार्य ने ध्वज फहराया। मुख्य समारोह उच्चतर माध्यमिक शाला के प्रांगण में हुआ। जहां ग्राम पंचायत के सरपंच राजेन्द्र साहू, प्राचार्य सुनीता शुक्ला व इंजीनियर लक्ष्मीकुमार गहवई ने ध्वजारोहण किया। ग्राम के गणमान्य नागरिक रामकुमार वर्मा, अनुज धीवर, अनिल यादव, पनाराम धीवर, सुरेन्द्र पान्डेय, यदुनंदन कौशिक, कामता प्रसाद धीवर, मनीष कौशिक, सतीष धीवर, अवधराम साहू, पवन धीवर, लक्ष्मण साहू, तुलसी साहू, गौरीशंकर साहू, उमाशंकर साहू, रामफल द्विवेदी, सुभाष धीवर, अमित राव, रमई साहू, जगदीश धीवर, रीतु धीवर, दीलिप कौशिक मौजूद रहे। प्रबंध समिति के भूतपूर्व अध्यक्ष इंजीनियर लक्ष्मीकुमार गहवई ने संविधान की मूल प्रस्तावना को देश की आत्मा बताया। साथ ही कहा कि संविधान ही हम सबको शिक्षा, समानता, धर्म, अवसर, अधिकार और कर्तव्य प्रदान करता है। प्राचार्य सुनीता शुक्ला ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन वर्षा भट्ट ने किया।समारोह में व्याख्याता राजेश शर्मा, अनिल वर्मा, आरसी रात्रे, चंदन सारखेल, सीमा ठाकुर, रुपाली श्रीवास्तव, अभिलाषा मिश्रा, पदमा द्विवेदी, अदिती दुबे, सपना शर्मा, शैली यादव, संदीप त्रिपाठी, कीर्तन बंजारे, राजेश्वरी देवांगन, नमिता बेहर शर्मा, अनुप नूतन कुजूर का सराहनीय सहयोग मिला।

## निशु ने 16418 फीट पर लहराया तिरंगा



**सकरी।** बिलासपुर जिले के निशु सिंह ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के स्पीति घाटी के दंगमचन पिक पर माइनस 18 डिग्री में 16418 फीट ऊंचाई में तिरंगा लहराया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से 20000 हजार फीट पर चढ़कर तिरंगा लहराने अनुमति मांगी लेकिन उन्हें सिर्फ 16418 फीट की ही अनुमति मिली। नूर मोहम्मद एवं अमित के साथ ग्रुप वहां पहुंचा था। पूर्व में भी बहुत से चोटियों में इनके द्वारा तिरंगा फहराया गया है अब उनका लक्ष्य माउंट एवरेस्ट फतह करने का है।

## शहीद स्मारक पर दीप प्रज्जवलित



मस्तूरी। गणतंत्र दिवस पर स्थानीय शासकीय बालक हाई स्कूल प्रांगण में स्थापित शहीद स्मारक के समक्ष नगर के व्यापारी व ग्राम वासियों ने भारत माता की आरती पश्चात देश के शहीदों के नाम दीप प्रज्वलित कर नमन

## हाईस्कूल मोपका में मना गणतंत्र का पर्व



**मोपका।** वार्ड क्रमांक 47 से 48 में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हाई स्कूल मोपका में ध्वजारोहण प्राचार्य अर्चना जोशी द्वारा किया गया इस अवसर पर अतिथि के रूप में तिलक राम साहू, पार्षद प्रतिनिधि लाला यादव ,पत्रकार राणा केवरा, हरीश सूर्या, मोहन श्रीवास सहित छात्र-छात्राएं नागरिक एवं स्कूल के पूरे स्टाफ मौजूद थे। मितानियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया जिसमें मीना केवरा ,पूजा श्रीवास्तव ,ड्रोण कुमार, सुषमा साहू, लक्ष्मी न चंदा, लक्ष्मीन केवट, रूप साहू, जहूरा धूरी पद्मिनी साहू ,सभी मितानी न उपस्थित थे। शाम को अंबेडकर भवन में बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद उठाया तथा ध्वजारोहण का कार्यक्रम भी किया गया। इसी प्रकार जनपद प्राथमिक शाला ,पूर्व माध्यमिक शाला ,शासकीय उचित मूल्य की दुकान, स्टेट बैंक, आंगनबाडी, सहित अनेक जगहों पर ध्वजारोहण किया गया। इसी प्रकार आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चिल्हाटी, फरहदा, नगोई, बिजौर, गतौरा ,विवेकानंद नगर ,हाउसिंग बोर्ड सहित ग्रामीण क्षेत्र में गणतंत्र दिवस मनाया गया।

## लखराम स्कूल में मना गणतंत्र दिवस



**लखराम।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण एवं शाला परिसर में मिडिल स्कूल हेतु नवनिर्मित भवन का लोकर्पण ग्राम पंचायत लखराम की सरपंच बबिता वर्मा ने किया। ध्वजारोहण पश्चात शाला में आयोजित वार्षिक खेलकूद के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में लखराम के सभी पंच एवं शाला विकास समिति के सदस्यों सहित शाला प्राचार्य संजय सालुंके सहित सभी शिक्षकीय स्टॉफ की उपस्थिति रही।

## डीएवी गोढ़ी में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बोदरी।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी बिल्हा बजरंग वर्मा, विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार पुनीता शर्मा एवं लखेश्वर किरण, राजेश मनहर सरपंच गोढ़ी रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एसएन पाण्डेय तथा अभिभावक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बजरंग वर्मा ने कहा हमें अपने देश के त्यागियों, बलिदानियों और साहसी नागरिकों को याद करना चाहिए। मंच का संचालन अनुराधा मूर्ति एवं दीपक सन्नाट के दिशा निर्देश में छात्रा आर्या शुक्ला एवं शिवानी मिश्रा ने किया।

## पोंसरी में निकली भगवान श्रीराम की झांकी

**बोदरी।** गणतंत्र दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला पोंसरी में ध्वजारोहण किया गया। शाला परिवार के साथ बच्चों ने जुलूस निकालकर पूरे ग्राम का भ्रमण किया। ग्राम प्रधान तीजन बाई धृतलहरे ने झंडारोहण किया। मंच संचालन प्रधान पाठक डॉ. चंद्रशेखर यादव ने किया। सांस्कृतिक भगवान श्री राम की झांकी प्रस्तुत की गई।



## ओखरगढ़ मेले में उमड़ रही भीड़



**मस्तूरी।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार छेरछेरा पून्नी के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत ओखरगढ़ में भरने वाला सात दिवसीय मेला अपने पूरे शबाब पर आ चुका है। पंचायत प्रतिनिधियों की देखरेख में चल रहे इस मेले में आसपास सहित दूर दराज से पहुंचे व्यापारियों ने अपनी प्रतिष्ठान व स्टाल लगाए हुए हैं। साथ ही मेला स्थल पर स्थापित झूला, हवाई झूला, सिनेमा घर मेले में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है ।वहीं मनिहारी दुकान, बर्तन, कपड़ा, जूता चप्पल सहित विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक दुकान व लोकलुभावन व्यंजन की प्रतिष्ठान लगा हुआ है। विधानसभा क्षेत्र में लगने वाला यह प्रथम मेला में दूरदराज सहित आसपास गांव के सैकड़ों ग्रामीण व बच्चे दिन प्रतिदिन पहुंचकर मेले का आनंद ले रहे हैं। पंचायत के सरपंच नारद चौहान ने बताया मेले में घूमने आने वाले श्रद्धालु श्रोताओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से गांव में मेला शांति समिति का गठन किया गया है।



## समाज की समृद्धि से सबकी समृद्धि

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने बिलासपुर प्रार्थना सभागार में पाटनवार समाज द्वारा आयोजित पाटनवार कुर्मी समाज के अधिवेशन एवं सम्मान समारोह तथा बर्जेस उमावि बिलासपुर चंद्रनाहू कुर्मी समाज द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक लकड़ी के गट्ठे बांधे रखने हेतु एक डोर की आवश्यकता होती है। समाज को एकता में बांधे रखने एवं मजबूत बनाने के लिए एक ठोस कदम उठाने एवं समाज को अपनी पूरी क्षमता से प्रगति की ओर ले जाने वाले समाज की युवा शक्ति को उनकी कार्यकुशलता से समाज के उत्थान में निरंतर प्रयासरत रहना होगा। समाज की समृद्धि से ही हम सबकी समृद्धि संभव है। समाज में सबकी भागीदारी से ही समाज का विकास होता है। समाज में समाजिक समरसता आती है। समाज एक गंगा की तरह है जो सबको साथ लेकर चलती है और सबके कल्याण का रास्ता निकालती है। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल - जूना बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र. /क/ सीमांकन/रा.नि./2024
जूना बिलासपुर, दिनांक 24/01/2024

प्रति,
> संजय भिवगड़े / विवेकानंद भिवगड़े (आवेदक )
> अध्यक्ष मित्र विहार कॉलोनी > कुन्दन पैलेस
> मनोज बेरीवाल > सर्वसम्बन्धित हितबद्ध पक्षकार

विषय: सीमांकन के समय उपस्थित रहने बाबत् ।
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र./क/तह. /वा./23 दिनांक 19/01/2024

ग्राम - जूना बिलासपुर, प.ह.नं.- 36, रा.नि.म.- जूना बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा न0 635/3, 638/59 रकबा 0.0256, 0.2505 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु संजय भिवगड़े ( ) पिता/पति विवेकानंद भिवगड़े जाति-, निवासी लिंक रोड बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है।

न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 02/02/2024 को समय 10:00am से 5:00pm को किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें । उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी ।

टीप:- आवेदक को आदेशित किया जाता है कि सीमा - चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदुर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें ।

**(अशोक कुमार सोनी)**
**राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर**

**न्यायालय श्रीमान चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 बिलासपुर (छ.ग.)**

(पीठासीन अधिकारी-अंशुल वर्मा)
व्य.वाद प्र.क्र. CS-4 (A)/24
पेशी दिनांक 16.02.2024
प्रोसेस क्र. 1103/25.01.24

**// प्रकाश का संक्षिप्त विवरण //**

व्यव.वाद राजेश कुमार साहू
विरूद्ध
आम जनता वगैरह
व्यव.वाद क्रमांक CS-4 (A)/24
व्यक्ति का नाम (आम जनता)

पिता का नाम - सपुरन लाल साहू पता शिव मंदिर के पीछे जोरापारा सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर

वादी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध एक वाद वास्ते घोषणा बाबत मौजा सरकंडा प.ह.न. 32. रा.नि.म. सरकंडा तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 428/8 रकबा 0.0200 हे. जिस पर एक किता पुराना खपरापोश मकान बना है, का वादी 3/4 हिस्सा एवं प्रतिवादी क्र 02 1/4 हिस्सा का स्वामी एवं आधिपत्यधारी होने तथा राजेश कुमार साहू एवं मुन्ना लाल साहू एक ही व्यक्ति के नाम है के संबंध में पेश किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 16.02.2024 को नियत है। प्रतिवादी क्र. 01 आम जनता (जिनका इससे संबंध हो) को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस / ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16.02.2024 को ठीक 11:00 बजे न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना आपत्ति दर्ज करावें, अन्यथा आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश उपरोक्त नियत दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है। अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो अगले कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

दिनांक 24/01/2024, स्थान बिलासपुर

**अंशुल वर्मा, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश मुंगेली जिला- मुंगेली (छ.ग.)**

( पीठासीन अधिकारी - चन्द्रकुमार (अजगल्ले)

**आम-सुचना**

श्रीमती रेखा दुबे वगैरह विरूद्ध आम जनता वगैरह
व्य.अपील क्र.-33A/2023
आदेश दिनांक-12/01/2024
पेशी तारीख - 22/02/2024
प्रोसेस क्र.-192/24

इस न्यायालय में अपीलार्थी गण रेखा दुबे वगैरह ने आम जनता जो इनसे संबंधित हो वगैरह में श्रीमती रेखा दुबे वगैरह ने न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 मुंगेली जिला मुंगेली के समक्ष ग्राम पेन्ड्री सहस प.ह.नं.-37 रा.नि.मं. वो तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 187 रकबा 0.069 हे., ख.नं. 356 रकबा 0.210 हे., ख.नं. 740 रकबा 0.328 हे. भूमि जो कि राजस्व अभिलेखों में रामनिहोरा दुबे आ0 रामनारायण दुबे के नाम पर दर्ज है। रामनिहोरा दुबे दिनांक 11/07/2009 को कहीं अन्यत्र चला गया है और अपने घर में वापस नहीं आया है तब उसकी सिविल मृत्यु घोषित किये जाने का वाद दिनांक 01/07/2019 को प्रस्तुत किया है व्य.वाद क्र. - 75ए / 2019 के निर्णय ( एवं डिक्री दिनांक 01/11/2023 के निर्णय एवं डिक्री को अस्वीकार कर खारिज किये जाने से इस न्यायालय के समक्ष व्यवहार अपील प्रस्तुत किया है उक्त व्यवहार अपील प्रकरण में आम जनता जो इससे संबंधित हो वगैरह की आगामी सुनवाई दिनांक 22/02/2024 को निर्धारित है, जिस किसी को उक्त अपील प्रकरण की कार्यवाही में आपत्ति हो तो वह सुनवाई दिनांक 22/02/2024 को सुबह 11.00 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपति प्रस्तुत कर सकते है, यदि कारणवश पेशी दिनांक 22/02/2024 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी |

आज दिनांक 19/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया ।

दिनांक - 19/01/2024

**(चन्द्रकुमार अजगल्ले )**
**न्यायालय जिला न्यायाधीश**
**जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

28 JAN -BSP- pg- 3_Layout 1 1/28/2024 11:50 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### डॉ सोनाली को आयुष विवि से गोल्ड



बिलासपुर। डॉ सोनाली शुक्ला को पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल आयुष यूनिवर्सिटी रायपुर के कुलपति डॉक्टर एके चंद्राकर ने गोल्ड मेडल प्रदान किया। डॉ सोनाली शुक्ला सीएल चौकसे मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज से बीएचएमएस की छात्रा थीं, जिन्होंने 2022 में पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया था। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया है।

### सुधा बायो पावर में ध्वजारोहण



बिलासपुर। 26 जनवरी को सुधा बायो पावर में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण कर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान सुधा बायो पावर के सभी सदस्यों को गणतंत्र के महत्व को विस्तार से बताया गया।

### शांतिनिकेतन स्कूल-कॉलेज में ध्वजवंदन



बिलासपुर। शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल एवं कॉलेज में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर सुबह 8:30 बजे मुख्य अतिथि प्रशासनिक समिति के कोषाध्यक्ष हर्षद गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत संविधान के प्रति प्रत्येक भारतीय को अपने मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य का पालन करना चाहिए। छात्र-छात्राओं को अपने पढ़ाई में विशेष ध्यान देना चाहिए एवं अनुशासन में बड़ो को आदर सम्मान करना चाहिए। इस दौरान शिक्षिका श्रीमती कोकिला राणे ने मां सरस्वती वंदना गीत एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं उपासना दीवान, नूसिता मानिकपुरी, माहि कश्यप, प्रिंसी जायसवाल, प्रशान्त वर्मा एवं हिमांशु कश्यप ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### शिविर में 120 यूनिट ब्लड संग्रह

बिलासपुर। 75 वें गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को न्यू जनरेशन फैमिली फैशन स्टोर एवं स्पॉट डोनर ब्लड ग्रुप बिलासपुर के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन



किया गया। यह आयोजन न्यू जनरेशन फैमिली फैशन स्टोर, सीएमडी चौक में सुबह 10 बजे से शाम 7:30 बजे तक किया गया। शिविर से 120 यूनिट ब्लड, एकता ब्लड बैंक एवं कम्पोनेंट्स के सहायोग से एकत्र किया गया, जिसे जरूरतमंद लोगों को दिया जाएगा। शिविर को सफल बनाने अविनाश मोटवानी, विशाल मनकानी, अमन ,जयचंदानी एवं हिमांशु कौशिक मनीष मेहरचंदानी यश आहूजा मनोज कृपलानी मोहम्मद नफीस अरबी दिनेश धनराजनी नितेश रामनानी सूरज श्यामनानी का सहयोग उल्लेखनीय रहा। ब्लड डोनेशन कैम्प में उपस्थित अतिथियों में क्रिकेट एकेडमी के अध्यक्ष प्रिंस भाटिया, नगर निगम सभापति शेख नजारूद्दीन, सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष धनराज आहूजा, तहसीलदार अतुल वैष्णव, पूज्य पंचायत भवन अध्यक्ष रामलाल चंदानी, एडप्रयास के डायरेक्टर विनोद पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### तनखा मेमोरियल स्कूल में गणतंत्र दिवस



बिलासपुर। 75वें गणतंत्र दिवस पर जस्टिस तनखा मेमोरियल रोटरी स्कूल में क्रेडाई संरक्षक प्रकाश गवलानी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष संजय दुबे व सचिव आरके सक्सेना उपस्थित रहे। ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी ने शाला का परिचय दिया और स्कूल के अध्यक्ष विवेक कृष्ण तन्खा का संदेश सुनाया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में रोटरी के पूर्व अध्यक्ष अमित चक्रवर्ती, सदस्य एनके वर्मा, शाला प्रभारी प्राचार्य श्रीमती काती दुबे व शाला के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### टेंट ओनर्स एसोसिएशन ने आजमानी को दी श्रद्धांजलि



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ टेंट ओनर्स एसोसिएशन के संरक्षक जसवंत सिंह आजमानी का 24 जनवरी को निधन हो गया। उन्हें श्रद्धांजलि देने कुंदन पैलेस में शोक सभा आयोजित गई। इस अवसर पर टेंट ओनर्स एसोसिएशन बिलासपुर के अध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ ने कहा कि जसवंत सिंग आजमानी का कार्यकाल बहुत ही सहयोगी एवं अतुल्यनीय था। टेंट एसोसिएशन को आगे बढ़ाने में उनका सराहनीय योगदान था। इस मौके पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि देने अमरजीत सिंह दुआ, गुरबचन सिंह, राजेश मुदलियार, कमल जैन, सौरभ बंसल, अमनदीप सिंह, संजय कुमार, संजय केशरवानी, नरेंद्र सलूजा, हरीश शर्मा, इंद्रजीत सिंह इच्छपुरानी, संतोष राणा, अभिषेक अग्रवाल, शबरी खान, एवं अन्य उपस्थित थे।

# डीपीएस में चौधरी मित्रसेन सिंधु आर्य की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

बिलासपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में सिंधु एजूकेशन सोसायटी के संस्थापक, प्रख्यात शिक्षाविद, उद्योगपति, समाजसेवी स्व.मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि पर विशेष प्रार्थना सभा तथा हवन का आयोजन किया गया।

विशेष प्रार्थना सभा के प्रारंभ में स्व.मित्र सेन के छायाचित्र के समक्ष मंगलदीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह, प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती, संदीपन चक्रवर्ती, रविंद्र भटनागर और बलवान सिंधु ने श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह ने स्व.मित्रसेन सिंधु आर्य के जीवन पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र, समाज सेवा के क्षेत्र तथा उद्योग जगत क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व कार्यों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री आर्य की एक अलग ही पहचान थी। उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद कर हम आज गौरवान्वित हो रहे हैं। श्री आर्य भारतीय संस्कृति के भी प्रबल पक्षधर थे। समता ,सद्भाव, राष्ट्रोन्नति, सरल हृदय, विराट व्यक्तित्व के धनी से जो कोई भी मिलते थे, वे प्रिय प्रसाद पा जाते थे। निश्चित रूप से उनके बताए मार्ग पर चलकर कोई भी सफलता अर्जित कर सकता है।





डीपीएस में आयोजित कार्यक्रम में चौधरी मित्रसेन सिंधु आर्य को श्रद्धांजलि देते प्राचार्य जसपाल सिंह व अन्य अधिकारी।

### विद्यार्थियों ने गीतों से दी श्रद्धांजलि

विद्यालय के संगीत विभाग के छात्र - छात्राओं द्वारा भी सुंदर गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ व विद्यार्थीगण सिंधु की छायाचित्र पर पुष्प अर्पण के साथ साथ हवन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कथक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का समापन

# कृष्ण, शिव भजन और देवी स्तुति पर कथक कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा स्थित इंदिरा विहार प्रियदर्शनी भवन में श्री कला मंजरी कथक संस्थान के तत्वावधान में कथक सम्राट पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय कथक दिवस कहे बृज श्याम के तीसरे व अंतिम दिन गुरुवार के कृष्ण भजन, देवी स्तुति, शिव भजन सहित शुद्ध कथक की प्रस्तुति हुई। साथ ही तीन दिनों से चल रही प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

यूथ कैटेगरी में प्रथम काजल कौशिक, द्वितीय कैलाश साहू, तृतीय वंशिका शर्मा, सीनियर कैटेगरी में प्रथम तारप्ति शर्मा, द्वितीय स्नेहा डे, तृतीय वशिष्ठा साहू, जूनियर कैटेगरी ग्रुप ए में प्रथम श्रुति मजूमदार, द्वितीय सयाली पखमोड़े, तृतीय शर्वी परिहार, जूनियर कैटेगरी ग्रुप बी में प्रथम अन्वेषा राय,द्वितीय रुद्राक्षी तिवारी, तृतीय शाश्वती बैनर्जी, जूनियर कैटेगरी ग्रुप सी में प्रथम अनन्या अग्रवाल, द्वितीय काव्या डोडी, तृतीय वंशिका मिस्त्री एवं सब जूनियर कैटेगरी में प्रथम श्रीनिका गिल, द्वितीय आरवी थवाईत, तृतीय गुंजन यादव रही। संस्था की ओर से ब्रिज-बिहारी कला सम्मान अनन्या अग्रवाल एवं कला वंत सम्मान सम्राट चौधरी, शाश्वती चटर्जी, उर्वशी श्रीवास्तव, दीपाली कलिहारी को दिया गया। तीसरे दिन के कार्यक्रम में पंडित बिरजू महाराज की पुत्री ममता महाराज, महाराज जी की शिष्या संगीता सिंह, श्रावस्ती चटर्जी, स्वनिल कर्महे और पारुल मिश्रा ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

इस अवसर पर स्पीक मैके के स्टेट को-ऑर्डिनेटर अजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार सतीश जयसवाल, आकाशवाणी की सुप्रिया भारतीयन, आरडी प्रभा कुमार, सेक्रो की अध्यक्ष श्रद्धा पांडेय, अभिजीत मित्रा, शीला शर्मा, डीके शर्मा, नूपुर त्रिवेदी, रूप महालक्ष्मी, मधु शर्मा, श्रीति बरुआ आदि उपस्थित थे।



सरकंडा स्थित इंदिरा विहार प्रियदर्शनी भवन में आयोजित तीन दिवसीय कथक दिवस पर उपस्थित कलाकार व अतिथि।

### रूचि के क्षेत्र में सीखने का दें मौका

ममता महाराज ने कहा कि आजकल माता-पिता को चाहिए कि वह अपने बच्चों को जिस भी क्षेत्र में भेजते हैं उसमें उन्हें पूरी तरीके से सीखने का मौका दें। किसी एक विद्या में पारंगत होने तक बच्चों को प्रेरित करें। सभी के जीवन में संघर्ष होता है और मेरे पिता व गुरु पंडित बिरजू महाराज के जीवन में भी काफी संघर्ष था। उन्होंने बताया कि वह पूरे जीवन काल के लिए समर्पित थे उनकी प्रस्तुति की एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जब प्रस्तुति दे रहे थे उनके पैरों में किल छुप गई थी। इसके बाद भी वह अपनी प्रस्तुति देते रहे। इसी तरह जिस भी क्षेत्र में जाएं अपने संघर्षों और तकलीफों को भूलकर उस क्षेत्र में पूरी तरीके से रम जाना है और यही सही मायने में सेवा है।

### कथक के लिए कर रहे निरंतर काम

संस्था के अध्यक्ष डीके शर्मा ने बताया कि महाराज की याद में कार्यक्रम शुरू किया गया है। पंडित बिरजू महाराज के शिष्य और कथक साधक रितेश शर्मा बताया कि यह कार्यक्रम संस्था की ओर से पिछले वर्ष प्रारंभ किया गया था और यह दूसरा आवर्तन है। उन्होंने बताया कि महाराज की परंपरा अनुसार शहर में कथक के क्षेत्र में उनकी संस्था काम करती रहेगी। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में फिल्मी संगीत से इतर भारतीय संगीत की परंपरा से जोड़ना था। कार्यक्रम में खैरागढ़ संगीत महाविद्यालय के छात्र साथ ही महाराष्ट्र, कोलकाता दुर्ग सहित शहर के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। ममता महाराज, पारुल मिश्रा, सारस्वती, सम्राट, उर्वशी श्रीवास्तव प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही।

### भाजपा कराएगी रामलला के दर्शन

# 18 फरवरी को अयोध्या जाएगी भक्तों की टोली

बिलासपुर। अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला मूर्ति की स्थापना होने के बाद भारतीय जनता पार्टी देश भर से श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन के लिए योजना बना रही है।

इस तारतम्य में रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में संभाग स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने बताया की अयोध्या में राम लला विराजित हुए हैं। 22 जनवरी को पूरे देश में उत्सव मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी देश भर से श्रद्धालुओं का जत्था लेकर अयोध्या दर्शन कराने की योजना बनाई है। इस कड़ी में बिलासपुर संभाग में 18 फरवरी रविवार को दोपहर 3 बजे एक स्पेशल ट्रेन से संभाग के सभी विधानसभाओं से कुछ चुने हुए आस्थावान लोगों को अयोध्या रवाना किया जाएगा। ये ट्रेन 19 फरवरी की सुबह अयोध्या पहुंचेगी। 20 बोगियों से युक्त इस विशेष ट्रेन में विधानसभा वार बोगियों का आबंटन किया गया है। प्रत्येक विधानसभा को एक एक बोगी दी गई है, जिसमें 72 श्रद्धालु बैठकर अयोध्या जाएंगे। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, श्रीराम जन्मभूमि दर्शन यात्रा के सह संयोजक डा ललित मखीजा और डा वीरेंद्र श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डा कृष्णमूर्ति बांधी, जिला महामंत्री मोहित जायसवाल, गुलशन ऋषि, चंद्रप्रकाश सूर्या सहित विभिन्न जिले के जिलाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजक उपस्थित रहे।



बैठक से पहले दीप प्रज्जवलन करते विधायक धरमलाल कौशिक।

# बंधवापारा में पुलिस की लगी चौपाल, आमजनों की सुनी

- निजात अभियान के तहत नशे से दूर रहने दी गई समझाइश




बिलासपुर। पुलिस ने रविवार को सरकंडा थाना क्षेत्र के बंधवापारा में चौपाल का आयोजन किया, इसमें आम जनों से रूबरू होकर सभी को पुलिस चौपाल के उद्देश्यों के बारे में बताया गया। साथ ही उनकी समस्याओं को सुन्ने के बाद उसे दूर करने के लिए अफसरों ने आश्वस्त किया। चौपाल के दौरान जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान निजात के तहत नशे मे संलिप्त लोगों को नशे से दूर रहने समझाइश देने के साथ ही नशे से दूर होने के तरीकों तथा विशेषज्ञों द्वारा थाना स्तर पर लगातार काउंसलिंग के संबंध में विस्तृत रूप से बताया गया। इसके साथ ही लोगों से अपील की गई कि यदि कहीं पर भी नशे से संबंधित कोई भी सामान की बिक्री हो रही है तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित थाने को दें, ताकि शत प्रतिशत करवाई हो सके। साथ ही पुलिस चौपाल कार्यक्रम के तहत लोगों से उनकी समस्याओं के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा थाना क्षेत्र में बीट प्रभारी को उसके बीट में प्रत्येक जानकारी होने के साथ ही बीट में निवासरत प्रत्येक नागरिक तथा अपराधिक तत्वों के संबंध में जानकारी होना बताया गया।

### बीट प्रभारी से रूबरू हुए लोग

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को उनके बीट प्रभारी से रूबरू कराया गया ताकि लोगों को तत्काल मदद मिल सके। पुलिस चौपाल मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेंद्र जायसवाल, नगर पुलिस अधीक्षक (कोतवाली) पूजा कुमार, थाना प्रभारी सरकंडा जयप्रकाश गुप्ता और स्टाफ के साथ-साथ वार्ड पार्षद श्याम साहू सहित बड़ी संख्या में महिला समूह के सदस्य और लीभाटा, चौबेकॉलोनी , जोरापारा , बंधवापारा,नूतन कॉलोनी के लोग उपस्थित रहे।

# श्री स्पेशल केयर सेंटर में आनंद मेले की मची धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्रीराम मंदिर तिलकनगर के समीप स्थित श्री स्पेशल केयर सेंटर प्रांगण में रविवार को आनंद मेले का आयोजन किया गया। इसमें विविध तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों के अलावा खेल के स्टाल लगाए गए। इसका सेंटर के बच्चे, पैरेंट्स सहित अन्य लोगों ने आनंद उठाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद राजेश सिंह ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद अतिथि श्री ठाकुर, बबलू कश्यप, लक्ष्मी नारायण, अरूण गोवर्धन, संस्था प्रमुख डॉ सुजाता बाजपेयी, प्राचार्य शिवानी विठालकर, कनक गोवर्धन ने पूरे स्टाल का अवलोकन किया। अतिथि श्री ठाकुर ने संस्था के इस भागीरथी प्रयास की सराहना की और कहा कि इस देवतुल्य कार्य में सहयोग देने वाले सभी लोग अपनी कोशिश में हमेशा सफल रहे। उन्होंने बच्चों को भी शुभकामनाएं दी। संस्था की संस्थापिका डॉ सुजाता ने कहा कि आए हुए सभी अतिथि किसी तरह इस संस्था से जुड़े रहे। उनके सहयोग व मार्गदर्शन से हमारा सपना साकार होगा। कुछ अच्छा कर पाएंगे। उन्होंने बच्चों को दी जाने वाली थेरेपी के बारे में भी बताया। प्राचार्य श्रीमती विठालकर ने बताया कि श्री केयर सेंटर दिव्यांग बच्चों के लिए काम कर रही है। संस्था का प्रयास ऐसे बच्चों को पढ़ाई के साथ स्वालंबन की दिशा में ले जाना रहता है।

कनक गोवर्धन ने सेंटर के बारे में जानकारी दी और बताया कि सामान्य स्कूलों से यह स्कूल एवं यहां का सिलेबस अलग है। बच्चों की जरूरत के हिसाब से प्रोग्राम बनाए जाते हैं। पूरे साल भर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर अभिभावकों की झिझक दूर करने की भी कोशिश संस्था की रहती है। कार्यक्रम का संचालन आरती साहू ने किया।

इस मौके पर मनीष, नीमा मानेश्वर,आशा तिवारी, पदमा शिवनकर, उमेश नवरंग, डॉ विजयश्री, चंचल शर्मा, राजेंद्र, बच्चों में तुषार, पूर्वी, अनमोल, संस्कार, शिल्पी, हर्षित, कुशल, समीर, अरूणिमा, आधार, अक्षत, रश्मि, मनीषा, नीरव, शलभ, मयंक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



श्री स्पेशल केयर सेंटर परिसर में लगे आनंद मेले में खरीददारी करती महिलाएं।

### लगाई जाती है प्रदर्शनी

डॉ बाजपेयी ने बताया कि बच्चों को स्वालंबन की दिशा में ले जाने हर साल राखी व दिवाली में संस्था के बच्चों द्वारा तैयार राखी, दीये, झूमर सहित अन्य आयटमों की प्रदर्शनी लगाई जाती है। इससे इन विशेष बच्चों को प्रोत्साहन मिलता ही है, वे अपने हुनर को लेकर गंभीर होते जाते हैं। आने वाले साल के लिए उक्त आयटमों को अच्छे से तैयार करने का प्रयास करते हैं। उनके मनोरंजन के लिए आनंद मेले का भी आयोजन किया जाता है। इस मेले का बच्चों के साथ ही उनके पैरेंट्स एवं स्टाफ के सभी लोग आनंद उठाते हैं।

### सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता 2024-25

# इरफान के नाबाद 93 रनों की बदौलत बिलासपुर संभला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट



प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि 28 जनवरी को बिलासपुर की दो टीमों का मैच हुआ। पहला मैच कांकेर के मैदान में बिलासपुर ब्लू और रायपुर के बीच खेला जा रहा है। इसमें बिलासपुर ब्लू के कप्तान इम्तियाज खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बिलासपुर ब्लू की शुरुवात शानदार रही और अभिजीत टाह और आशीष पांडे के बीच 67 रनों साझेदारी हुई। इसके बाद लगातार विकेट गिरने से टीम संकट में आ गई। उसके बाद चौथे विकेट के लिए मोहम्मद इरफ़ान और विकेट कीपर शाहबाज हुसैन के बीच 61 रनों की साझेदारी हुई और फिर नौवे विकेट के लिए मोहम्मद इरफ़ान और अतुल शर्मा के बीच नाबाद 63 रनों की अब तक साझेदारी हुई। बिलासपुर ब्लू ने पहले दिन का खेल ख़त्म होते तक 80 ओवर में 8 विकेट खोकर 289 रन बना लिए हैं। इसमें मोहम्मद इरफान नाबाद 93 रनों की शानदार पारी खेल रहे हैं।



उनके साथ देते हुए अतुल शर्मा 22 रनों पर नाबाद खेल रहे हैं। इसके अलावा आशीष पांडे 40, अभिजीत टाह 37 और शाहबाज हुसैन ने 34 रनों का योगदान दिया।

### बीएसपी ने 5 विकेट खोकर 336 रन जोड़े

दूसरा मैच भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में बिलासपुर बनाम बीएसपी के बीच मैच खेला जा रहा है। इसमें बीएसपी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फ़ैसला किया और पहले दिन बल्लेबाजी करते हुए 88 ओवर में 5 विकेट खोकर 336 रन बना लिए हैं। बीएसपी के बल्लेबाज ऐश्वर्य मार्या नाबाद 121 रन पर खेल रहे हैं। इनके अलावा कार्तिक नायडू ने 55, शुभम मौर्य ने 71 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए स्नेहिल चड्डा और शुभम यादव ने दो-दो विकेट झटके।

# नेता प्रतिपक्ष महंत शहर आए समर्थकों से की मुलाकात





बिलासपुर। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत रविवार को शहर पहुंचे। यहां उन्हें अपने पिता स्व. बिसाहूदास महंत के साथी सीपत के पूर्व विधायक राधेश्याम शुक्ला से सौजन्य भेंटकर उनके स्वास्थ्य व कुशलता की जानकारी ली। डा. महंत कांग्रेस नेता मुंशीराम उपवेजा से मुलाकात करने उनके भी घर गए। उन्होंने शहर में अपने अन्य समर्थकों से भी भेंट की। इस दौरान कांग्रेस युवा नेता प्रतीक उपवेजा ,आशीष सिंह ठाकुर ,राजेंद्र शुक्ला ,ब्रह्मदेव ठाकुर ,अतुल दुआ ,विनय अहिरवार निखिल बर्वे, ऋषभ सोनकर, सुजीत खरे, प्रेम पनागर, आशीष अहिरवार, गौरव अहिरवार, शुभम रजक, निखिल अहिरवार, नाजिम खान, साहिल शर्मा, नंदू रायकर, सुरेंद्र अहिरवार, मोनू अहिरवार, दानिश खान, शिवम पवन मानिकपुरी सहित अन्य उनके साथ रहे।

## खबर संक्षेप

### बीटिंग रिट्रीट समारोह आज

**बिलासपुर।** रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर एवं निजात बिलासपुर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में रोटरी रिपब्लिक रिट्रीट द मेगा पुलिस बैंड शो सोमवार 29 जनवरी को शाम पांच बजे पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि दिल्ली में होने वाले बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम की तर्ज पर रोटरी रिपब्लिक रिट्रीट में भी पुलिस बैंड शो का आयोजन किया गया है। इस शो में मुख्यतः सेंट्रल जेल बैंड बिलासपुर, रेलवे पुलिस फोर्स बैंड खड़कपुर, आपीएफ बैंड बिलासपुर, सिकंदराबाद एवं राज ब्रास बैंड बिलासपुर अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर अजय यादव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। यह प्रदर्शन आम जनता के लिए निःशुल्क है। रोटरी क्लब बिलासपुर के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, राकेश सक्सेना, अमित चक्रवर्ती, सुनील सुल्तानिया और रमेश जोबनपुत्रा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह एवं बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला होंगे।

### परीक्षा पर चर्चा आज, बच्चे मल्टीप्लेक्स में देखेंगे

**बिलासपुर।** महाविद्यालयीन स्टूडेंट से लेकर 10 वीं व 12 वीं बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा की घड़ी नजदीक आ रही है। स्टूडेंट परीक्षा की तैयारियों में जुटते नजर आ रहे हैं। बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों का तनाव दूर करने के लिए परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के बोर्ड परीक्षा के स्टूडेंट से सीधी बात करेंगे। इसके लिए 29 जनवरी की तिथि तय की गई है। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी भी पूरी कर ली है। जिले के सभी ब्लाक मुख्यालयों में एलईडी स्क्रीन के साथ ही स्टूडेंट के बैठने की व्यवस्था की गई है। जिला शिक्षा विभाग मेंगनेटो मॉल के मल्टीप्लेक्स में 300 बच्चों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कार्यक्रम को दिखाएगा। वीसी के जरिए पीएम मोदी परीक्षा की तैयारियों को लेकर चर्चा करेंगे। शिक्षा विभाग के अखिलेश मेहता ने बताया कि मल्टीप्लेक्स के साथ ही लखीराम ऑडिटोरियम में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक के साथ ही स्कूलों में भी बच्चों को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। बोर्ड परीक्षा के बच्चों को तनाव से दूर रखने और तैयारी के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जरूरी चर्चा करेंगे। सुबह 11 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बोर्ड परीक्षार्थियों से चर्चा करेंगे। उनके सवालों का जवाब भी देंगे।

### कांग्रेस नेता की दुकान में घुसकर मारपीट

**बिलासपुर।** कांग्रेस नेता की हार्डवेयर दुकान में घुसकर कर्मचारियों के साथ जमकर मारपीट की गई है। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कांग्रेस नेता नीरज जायसवाल की मंगला धूरीपारा में हार्डवेयर की दुकान है। रविवार की रात उनका सेंदरी निवासी ड्राइवर हरीश कुर्रे काम खत्म करने के बाद दुकान में बैठे थे। इसी दौरान बाइक सवार युवक वहां आए और गाली गलौज करते हुए गाड़ी ठीक से नहीं चलाते कहते हुए चले गए। कुछ देर बाद अपने साथियों के साथ वहां आकर लाठी से ड्राइवर को मारने की कोशिश की। वहीं एक युवक ने गैंती उठाकर मारने की कोशिश की। दुकान में मौजूद दिव्यांश कुर्रे ने भी बचने की कोशिश की। उसके बाद युवक दोनों के साथ मारपीट कर भाग गए। मारपीट की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने ड्राइवर की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। बहरहाल सीसीटीवी फुटेज से हमलावरों की पहचान हो पाएगी।

# मिशन मोड में होगा अरपा प्रोजेक्ट का काम, फरवरी अंत तक पूरा करना होगा पिंक स्टेडियम और स्पोर्ट्स कांप्लेक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन ही नवपदस्थ कमिश्नर अमित कुमार सुबह सात बजे निगम और स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत जारी निर्माणाधीन कार्यों के साइट पहुंच गए। जहां उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निगम कमिश्नर सबसे पहले सिम्स पहुंचे,जहां उन्होंने किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। सिम्स परिसर में निगम द्वारा सीवर लाइन के लिए नाले का निर्माण किया जा रहा है जिसका अवलोकन करते हुए निगम कमिश्नर ने गुणवत्ता का ध्यान रखने और पानी की निकासी निर्बाध रूप से हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्य द्वार के पास पाथवे बनाया जाना है, जहां पर अनुपयोगी बिजली के पोल को हटाने के निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा सिम्स में ओपीडी काउंटर में टोकन मशीन और डिस्पले लगाया गया है उसका भी निगम

**निगम कमिश्नर ने किया सिम्स में चल रहे कार्यों का निरीक्षण**



कमिश्नर ने अवलोकन किया। सिम्स में मरीजों के परिजनों के लिए किचन शेड का निर्माण और सौंदर्यीकरण किया जाना है जिसकी एजेंसी निगम है उसके योजना की जानकारी भी निगम कमिश्नर ने ली है।

रविवार को निरीक्षण के दौरान "अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन" कार्य को देखने पहुंचे निगम आयुक्त और स्मार्ट सिटी के एमडी श्री कुमार ने कहा की अरपा नदी को प्रदूषण से बचाने और शहर को सौगात के रूप में एक बेहतर रिवर फ्रंट देने के इस काम को विशिष्ट प्राथमिकता में रखकर काम करें। इस प्रोजेक्ट को मिशन मोड में करते हुए जल्द पूरा करें। इसी तरह स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्य प्रोजेक्ट गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बन रहे पिंक स्टेडियम, मल्टीपरपज स्कूल में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स और मिनी स्टेडियम और कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग के काम को फरवरी माह के अंत तक पूरा करने अल्टीमेटम एमडी ने अधिकारियों और ठेकेदार को दिया। अधिकारियों ने बताया कि पिंक स्टेडियम और मल्टीपरपज स्टेडियम के कुछ कार्य ही शेष है। इसी तरह सिटी कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग में बेसमेंट, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर समेत सामने के काम को फरवरी माह तक पूरा किया जाए।

**जिला प्रशासन ने 5 विभागों की तीन टीमें बनाई**

# बिना तिरपाल बांधे कोल और राखड़ लेकर दौड़ रहीं गाड़ियां

शहर में लगातार बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए जिला प्रशासन ने 5 विभागों की तीन टीमें बनाई हैं। टीम को प्रदूषण की मॉनिटरिंग कर रोकने के उपाय और जिम्मेदारों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। टीम में पर्यावरण, राजस्व, माइनिंग, पुलिस, आरटीओ, के अधिकारी शामिल हैं। यह टीम रविवार रात को निकली और खास तौर पर कोल डस्ट, राखड़ और अन्य खनिजों के खुले में परिवहन के खिलाफ जांच की। अधिकारियों की इसके लिए दो टीमें बनाईं गई थीं। इसमें से एक ने पेंड्रीडीह बाइपास और दूसरी कोरबा रोड पर तैनात रही। दरअसल शहर के साथ ही जिले की सड़कों से उड़ती धूल से ज्यादा प्रदूषण हो रहा है। कोलवाशरी के वाहन नियम कानून को दरकिनार कर सड़क में बेखौफ दौड़ते हैं। वाहनों में कोयला को बिना तिरपाल ढके परिवहन किया जाता है। लिहाजा सड़क में कोयला का चूरा गिरता है। वहीं कोयले के छोटे-छोटे कण धूल में उड़ते हैं। जिसके कारण लोगों को परेशानी होती है। स्वास्थ्य में बुरा असर पड़ रहा है। इसके अलावा इन वाहनो में बहुत से पुराने व अनफीट होने के बाद भी इनमें कोयला परिवहन किया जा रहा है। अब कलेक्टर अवनीश शरण ने टीम बनाते हुए कार्रवाई करने के साथ ही मुरूम, रेत, कोयला, डस्ट से भरे बिना तिरपाल ढंके वाहनों को कवर कराने कहा है।

■ रविवार रात पेंड्रीडीह बाइपास और कोरबा रोड पर तैनात रहीं टीमें

**20 लाख के जेवर जब्त : वारदात के बाद सक्रिय पुलिस ने 1 घंटे में आरोपियों को पकड़ा**

# नौकरानी बनकर कांग्रेस नेता के घर से सोने के जेवर चोरी करने वाली 4 महिलाएं पकड़ी गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नौकरानी बनकर 1 घण्टे के भीतर कांग्रेस नेता के घर से कीमती सोने के जेवर चोरी कर भागने वाली झारखंड की 4 महिलाओं को पुलिस ने जयरामनगर से पकड़ लिया है। उनके पास से करीब 15 से 20 लाख के जेवर बरामद किए गए हैं। पुलिस महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है।

राजकिशोर नगर निवासी कांग्रेस नेता अजय सिंह परिवार के साथ दंतेश्वरी मां का दर्शन करने के बाद घर लौटे थे। शनिवार को उनके घर में पूजापाठ व भोज का कार्यक्रम था। सुबह श्री सिंह व उनका भाई काम पर चले गए। घर में महिलाएं पूजापाठ की तैयारी कर रही थीं। सुबह 11.30 बजे उनके घर टेंट लगा देखकर दो महिलाएं आई और घर की महिलाओं से काम पर रखने को बोलने लगीं। उनके घर में काम करने आने वाली नौकरानी नहीं आई थी। श्रीमती सिंह ने उन्हें घर के बाहर साफ सफाई करने के लिए रख लिया। साफ सफाई करने के दौरान दोनों महिलाएं घर के अंदर जा रही थीं। इस पर श्रीमती सिंह ने दोनों महिलाओं को अंदर जाने मना कर बाहर में साफ सफाई करने कहा। कुछ देर बाद मौका पाकर दोनों महिलाएं घर के अंदर घुसकर श्रीमती सिंह के बेडरूम में चली गईं। उन्हें अंदर आलमारी की चाबी मिल गई। वे आलमारी खोलकर कीमती सोने के जेवर चोरी कर भाग गईं। दोपहर 12.30 बजे श्रीमती सिंह पूजा के लिए तैयार होने बेडरूम में गई तो उन्हें चोरी की जानकारी मिली। उन्होंने जेवर चोरी होने की जानकारी घरवालों को दी। बाहर निकलकर देखे तो दोनों महिलाएं गायब थी। उन्होंने घटना की जानकारी अपने पति श्री सिंह को दी।

### आटो में चार महिलाएं भागती नजर आईं

श्री सिंह ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा, जिसमें दो महिलाओं के अलावा घर के बाहर खड़ी दो अन्य महिलाएं आटो में बैठकर भागते नजर आईं। घटना के बाद सरकण्डा पुलिस महिलाओं की तलाश में रेलवे स्टेशन गई। स्टेशन का चप्पा चप्पा छान मारने के बाद भी उनका पता नहीं चल पाया। इसी दौरान पता चला कि उक्त महिलाएं जयरामनगर में रह रही हैं। पुलिस ने जयरामनगर में दबिश देकर चारों महिलाओं को पकड़ लिया है। तलाशी लेने पर उनके पास से करीब 15 से 20 लाख के जेवर बरामद हुआ है।

### किराए के मकान में रह रही थीं

पकड़ी गई महिलाएं मूलत : झारखंड की रहने वाली हैं। पिछले कुछ समय से जयरामनगर में किराए के मकान में रह रही थीं। महिलाएं शहर व आसपास क्षेत्र में भीख मांगने व सामान बेचने के बहाने घरों से चोरी करती थीं। पकड़ी गई महिलाओं को हिरासत में लेकर अन्य चोरी के संबंध में पूछताछ की जा रही है। महिलाओं के पकड़े जाने की अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### महिलाएं हिरासत में

नौकरानी बनकर दो महिलाओं के द्वारा अजय सिंह के घर से कीमती सोने के जेवर चोरी कर ली गई थी। 4 महिलाओं को पकड़कर चोरी गए सभी जेवर बरामद कर लिए गए हैं। महिलाओं से अन्य चोरी के संबंध में पूछताछ की जा रही है।
जेपी गुप्ता सरकण्डा टीआई

### राइसमिल के गल्ले से 3 लाख रुपए चोरी

बीती रात राइसमिल के गल्ले से 3 लाख रुपए चोरी कर लिया गया है। देर रात तक पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। मस्तूरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, नीरज अग्रवाल की ग्राम खैरा में राइसमिल है। शनिवार की देर रात चोरों ने राइसमिल के आफिस में धावा बोलकर गल्ले से 3 लाख रुपए चोरी कर लिया है। रविवार की सुबह कर्मचारी राइसमिल पहुंचे तब चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



रिटायर्ड एसईसीएल डायरेक्टर के घर चोरी के बाद कमरे में बिखरा सामान, जांच करती पुलिस।

## रिटायर्ड एसईसीएल डायरेक्टर के घर से नकद सहित 6 लाख के जेवर पार

नाती की शादी में शामिल होने के बाद बनारस से लौटते समय रिटायर्ड एसईसीएल डायरेक्टर ने रात करीब 3 बजे घर में चोरी हो जाने का सपना देखा। सुबह 9.30 बजे उनका स्वप्न उस समय सच साबित हो गया जब घर में काम करने वाली ने उन्हें फोन कर उनके घर में चोरी होने की जानकारी दी। वे घर लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और पूरे कमरे को खंगालकर आलमारी से साढ़े 3 लाख रुपए, सोने का हार, अंगूठी सहित 6 लाख का माल चोरी कर लिया गया था।

निमार्णाधीन कोयला विहार निवासी रिटायर्ड एसईसीएल डायरेक्टर राधेश्याम सिंह ने बताया, 15 जनवरी को वे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर नाती की शादी में शामिल होने के लिए बनारस चले गए थे। उन्होंने घर का एक चाबी काम करने वाली लगरा निवासी रूखमणी बाई को दी थी। श्री सिंह ने बताया, शनिवार की रात वे बनारस से शहर लौट रहे थे। रास्ते में उन्होंने नौकरानी को फोन कर सुबह खाना बनाने के लिए कहा था। उन्हें रात 3 बजे सपना दिखा कि उनके घर में चोरी हो गई है। उसके बाद सुबह 9.30 बजे रूखमणी ने उन्हें फोन कर बताया उनके घर में चोरी हो गई है। सुबह 11 बजे वे घर लौटे तो सामने के दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखे तो उनके बेडरूम की लकड़ी की बनी आलमारी को तोड़कर पूरा सामान अस्त व्यस्त कर दिया गया था। हाल व दूसरे कमरे की आलमारी को तोड़कर सामान बिखरा दिया गया था। श्री सिंह ने बताया कि चोरों ने उनके घर से साढ़े तीन लाख रुपए नकद, उनकी बेटी के 2 लाख रुपए के सोने का हार, सोने की अंगूठी व अन्य जेवर सहित 6 लाख का सामान चोरी कर लिया गया है। चोरों ने पत्थर से दरवाजे का ताला तोड़कर घर के प्लास, हंसिया, कटर से आलमारी को तोड़ा है।

■ सरकण्डा कोयला विहार में हुई वारदात

**नदारद रहे अधिकारी**

श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में सरकण्डा थाना भवन बनवाया था। आज जब उनके घर में बड़ी चोरी की वारदात हुई तो उनके घर जांच के लिए एक भी जिम्मेदार राजपत्रित अधिकारी, थानेदार, एसीसीयू टीम नहीं पहुंची थी।

**28 दिन में 9 मकानों से 42 लाख की चोरी**

चोरो को पकड़ने एसीसीयू टीम के अलावा शहर के सभी थानों में पृथक से विशेष टीम बनाई गई है। सिलसिलेवार हो रही चोरी की वारदातों ने पूरी टीम के सूचनातंत्र की पोल खोल दी है। बीते 28 दिन में 9 बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देकर 42 लाख का माल पार कर दिया गया है।

## प्रतिमा विसर्जन के दौरान मारपीट करने वाले 5 नाबालिग सहित 6 गिरफ्तार



आरोपी का क्षेत्र में जुलूस निकाला।

**बिलासपुर।** प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे में नाचने को लेकर लोगों से धारदार हथियारों से मारपीट व तोड़फोड़ कर दहशतगर्दी मचाने वाले 5 नाबालिगों सहित 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को बड़ी कोनी में पटेल समाज के द्वारा शाकम्भरी देवी की प्रतिमा विसर्जन करने पूजा पाठ की जा रही थी। इसी दौरान बड़ी कोनी निवासी कुणाल पिल्ले उर्फ कल्लन एवं अन्य 5 नाबालिगों ने डीजे में गाना बजाने के नाम पर विवाद किया। समाज के लोगों ने विरोध किया तो युवकों ने चापड़, फरसा से मारपीट कर स्कूटी में तोड़फोड़ कर दी थी। सूचना के बाद भी 1 घण्टे तक पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी के मौके पर नहीं पहुंचने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने रात में कुणाल पिल्ले व अन्य 5 नाबालिगों को पकड़ लिया था। पुलिस ने धारा 294, 506, 427, 34, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बालिग आरोपी कुणाल पिल्ले की क्षेत्र में पैदल मार्च कराकर जुलूस निकाला है।

**मुख्य आरोपी को लोगों ने पकड़ा**

पकड़े गए आरोपियों में मुख्य एक नाबालिग को शिकायत करने के दौरान भीड़ ने थाना के पीछे गली से पकड़ा था। वह अपने साथियों के साथ पुलिसिया कार्रवाई की जानकारी ले रहा था।

# सरकारी विभागों और निकायों पर बिजली बिल का 154 करोड़ बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वित्तीय वर्ष की समाप्ति में दो माह का समय है, लेकिन अभी से बिजली अधिकारियों को बिजली बिल का बकाया परेशान करने लगा है, निजी उपभोक्ताओं से 30 करोड़ 36 लाख रूपए की वसूली की जानी है, वहीं 154 करोड़ का बकाया सरकारी विभाग, निकायों पर है। ऐसे में सिटी सर्किल के अधिकारियों को वसूली तेज करने का आदेश दिया गया है।

बिजली विभाग के अधिकारियों पर मार्च क्लोजिंग से पहले बकाया वसूली का बीड़ा आ चुका है, विभाग के दो डिवीजन में 154 करोड़ का बकाया बिल पेंड़िंग है, जिसकी वसूली की जानी है। इस राशि में 30 करोड़ 36 लाख निजी उपभोक्ताओं से वसूली जानी है, जिसमें विभाग कार्रवाई भी कर रहा है। पिछले एक माह से विभाग ने 7 करोड़ की वसूली की गई है, इस दौरान विभाग को सैकड़ों घर और दुकानों में बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई करनी पड़ी है। विभाग आने वाले दिनों में वसूली अभियान में जुटने की तैयारी कर रहा है, इसके लिए डिवीजन कार्यालय से जोन कार्यालय को लगातार निर्देशित किया जा रहा है। वहीं सरकारी विभागों से बिजली विभाग की वसूली नहीं हो सकी है, बताया जा रहा है कि सरकारी कार्यालय द्वारा साल में एकमुश्त भुगतान किया जाता है, जिसके चलते यह वसूली आने वाले दिनों में पूरी होने की उम्मीद है। निगम और निकाय को मिला कर 90 करोड़ 87 लाख रूपए की वसूली की जानी है, वहीं अन्य विभागों से भी करोड़ रूपए की वसूली नहीं हो सकी है।

**वसूली में छूट रहा पसीना**

सिटी सर्किल में सरकारी विभागों से वसूले जाने हैं 130 करोड़

### पिता की हत्या करने वाला बेटा पंजाब से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पिता की हत्या करने वाले फरार बेटे को पुलिस ने तीन साल बाद पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, 9 अक्टूबर 2020 को उर्दु मैदान के पास रहने वाले राहुल शंकर पैसा मांगने से नहीं देने पर पिता अरूण शंकर से जमकर मारपीट कर भाग गया था। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 13 अक्टूबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने फरार आरोपी के तलाश में लगी हुई थी। जांच के दौरान पता चला आरोपी पंजाब में रह रहा है। पुलिस ने टीम ने पंजाब पटियाला के ग्राम लुखण्ड में दबिश देकर राहुल शंकर को पकड़ लिया है। पुलिस ने धारा 302 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## निगम के जेसीबी चालक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** निगम के सफाई कर्मी से मारपीट के मामले में सरकंडा पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ धारा 427, 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

अमेरी निवासी रमेश कुमार लहरे निगम में जेसीबी चलाता है। रविवार की सुब 9.30 बजे के करीब वह वाहन क्रमांक 15- वीएमएन लेकर हेल्पर महेश सूर्यवंशी के साथ अटल आवास बहताई की तरफ जा रहा था। रास्ते में ही शर्फू खान, सुदामा साहू और अन्य लोग खड़े थे। जेसीबी चालक ने उन्हें हटने के लिए कहा तो विवाद करते हुए गाली-गलौच करने लगे। जेसीबी चालक ने उन्हें मना किया तो सभी लोग वाहन पर चढ़ गए और रमेश कुमार लहरे से मारपीट करने लगे। आरोपियों ने हाथ-पैर के साथ ही लाठी-डंडे से भी मारपीट की। जेसीबी में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी दी गई। जेसीबी चालक के गर्दन के पीछे, बाएं पैर में चोट आई है। इसकी जानकारी जेसीबी चालक ने निगम इंजीनियर आशीष पांडे को दी और उसके बाद मामला दर्ज कराया गया।



पथराव के बाद क्षतिग्रस्त जेसीबी।



### गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने एक युवक को गांजा सहित गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा टीआई अंजना केरकेट्टा को सूचना मिली कि देवरीखुर्द मोड़ के पास एक युवक गांजा रखकर बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। उनके निर्देश पर आरक्षक लक्ष्मी कश्यप, अशोक चंद्राकर, सुनील सिंह ने घेराबंदी करते हुए मटियारी निवासी गणेश रजक पिता पूरन रजक 24 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 1 किलो 200 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

**आज से शुरू होगा नैक टीम का निरीक्षण**

# 10 साल में सीयू का हो रहा नैक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 10 सालों में नैक का निरीक्षण होने जा रहा है। नैक की टीम रविवार को शहर पहुंच गई और सोमवार से सेंट्रल यूनिवर्सिटी का निरीक्षण शुरू होगा। नैक निरीक्षण के चलते यूनिवर्सिटी ने अवकाश स्थगित कर दिया। यूनिवर्सिटी में नैक टीम के आगमन को लेकर तैयारी चलती रही।

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद दूसरी बार नैक का निरीक्षण सेंट्रल यूनिवर्सिटी में होने जा रहा है। गुरू घासीदास यूनिवर्सिटी को वर्ष 2009 में सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा मिला था। तत्कालीन कुलपति स्व. लक्ष्मण चतुर्वेदी के कार्यकाल में सेंट्रल यूनिवर्सटी वर्ष 2014 में पहली बार नैक की टीम निरीक्षण के लिए आई थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नैक का निरीक्षण हुए लगभग 10 साल का अंतराल हो गया है और इन 10 वर्षो में यूनिवर्सिटी अपना नैक असेसमेंट नहीं करा पाई थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी पिछले पांच साल बिना ग्रेडिंग की चल रही है, क्योंकि यूनिवर्सिटी में जो पहला नैक निरीक्षण हुआ था, उसमें यूनिवर्सिटी को नैक से बी-ग्रेड प्राप्त हुआ था, उसके बाद यूनिवर्सिटी को वर्ष 2019 में पुनः ग्रेडिंग के लिए नैक निरीक्षण कराना था जो अब जाकर वर्ष 2024 में होने जा रहा है। नैक की टीम रविवार को शहर पहुंच गई और सोमवार से नैक टीम का निरीक्षण शुरू होगा जो लगातार तीन दिनों तक चलेगा।

■ 2014 में पहली बार आई थी नैक की टीम

### सभी विभागों का पावर प्रेजेंटेशन तैयार

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नैक निरीक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों का पावर प्रेजेंटेशन तैयार किया जा रहा है। इसके साथ डाक्यूमेंटेशन, फाईलिंग का कार्य चल रहा है, ताकि नैक टीम के सामने पावर प्रेजेंटेशन के साथ ही संबंधित डाक्यूमेंट्स, फाइल दिखाई जा सके। यूनिवर्सिटी की ओर से नैक को सेल्फ स्टडी रिपोर्ट, एसएसआर पहले ही भेजा जा चुका है, जिसके अनुसार यूनिवर्सिटी में 32 टीचिंग डिपार्टमेंट, भवन, क्लासेस, स्मार्ट क्लास, प्रयोगशालाएं, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल, छात्रावास, कैफेटेरिया, स्वास्थ्य केन्द्र, सेंट्रल लाइब्रेरी, स्पोर्टस ग्राउंड, गेस्ट हाउस आदि की जानकारी दी गई है।

### की जा रही है तैयारी

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नैक टीम का निरीक्षण 29, 30 व 31 जनवरी को होना है। नैक निरीक्षण को लेकर यूनिवर्सिटी में जोर-शोर से तैयारी चल रही है। यूनिवर्सिटी में साफ-सफाई, रंग-रोगन के अलावा अलग-अलग डिपार्टमेंट के अनुसार आवश्यक तैयारी की जा रही है।
-प्रो. एमएन त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी, सीयू

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
07 मई से 20 मई 2024, 09 मई से 22 मई 2024, 11 मई से 24 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024
राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

**खबर संक्षेप**

## गांव की बेटी ने लोरमी का मान बढ़ाया

**लोरमी।** गणतंत्र दिवस पर दिल्ली परेड ग्राउंड में गांव की बेटी ने बतौर सीआरपीएफ आरक्षक बाइक में स्टंट कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। पूर्व सैनिक संगठन ने नगर पहुंचने पर गांव की बेटी का सम्मान करने का निर्णय लिया है। समीपस्थ ग्राम झझपुरी कला निवासी गणेश साहू की पुत्री प्रीति साहू सीआरपीएफ में आरक्षक के पदस्थ हैं। प्रीति साहू 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में आयोजित विश्वस्तरीय परेड में शामिल हुई। उन्होंने सीआरपीएफ द्वारा आयोजित परेड में बाइक स्टंट में हिस्सा लिया। उन्होंने स्टंट से लोगों को दांतों तले अंगुली चबाने पर मजबूर कर दिया। उनका हौसला देखकर क्षेत्रवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। दिल्ली में पदस्थ गांव की बेटी प्रीति साहू क्षेत्र की प्रथम महिला कैडेट हैं जिन्होंने सीआरपीएफ में आरक्षक पद पर रहते यह उपलब्धि हासिल की है। गणतंत्र दिवस परेड पर सीआरपीएफ की टीम का मुख्य हिस्सा बनकर उन्होंने टीम का नेतृत्व भी किया। पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी पूर्व हवलदार संतोष साहू ने बताया कि उनका नगर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा।



## मुकेश को मिला गौरव रत्न अवार्ड




**लोरमी।** भारत सरकार से मान्यता प्राप्त विश्व सेवा परिषद द्वारा सामाजिक कार्यों एवं समाजसेवा के लिए शहर के सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश जायसवाल को दिल्ली के डिप्टी स्पीकर हाल में छत्तीसगढ़ गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुकेश ने बताया कि एक पेपर में छपे विज्ञापन से विश्व सेवा परिषद ने सेवा भावी लोगों से राज्य सेवा रत्न अवार्ड के लिए आवेदन मंगाया था। मुकेश ने अपने जीवनकाल में किए समस्त सेवा कार्यों की प्रतिलिपि बनाकर संस्था के दिल्ली कार्यालय में डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया। कमेटी की जांच के बाद मुकेश को छत्तीसगढ़ गौरव रत्न अवार्ड देने का निर्णय लिया गया। मुकेश ने जनसहयोग से रक्तदान, निर्धन कन्या विवाह, निःशुल्क धार्मिक यात्रा, अनाथ बच्चों की पढ़ाई, गर्मी में प्याऊ घर, पर्यावरण संरक्षण, गौ सेवा से जुड़े कार्य को निःस्वार्थ भाव से किया है।

## लोगों ने झंडा फहराकर निकाली रैली



**लोरमी।** गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विभागों में तिरंगा झंडा फहराया गया। राम नगर के स्कूलों में सुबह प्रभात फेरी निकाली गई एवं सांस्कृतिक का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जनपद पंचायत एवं शिक्षा विभाग के बीईओ कार्यालय में उपाध्यक्ष खुशबू आदित्य वैष्णव के मुख्य आतिथ्य में तिरंगा झंडा फहराया। उन्होंने कहा कि आज देश का गणतंत्र और लोकतंत्र बहुत मजबूत है। गणतंत्र दिवस पर हमारे पूर्वजों ने बलिदान एवं उनके द्वारा बनाए संविधान में आज देश तरक्की कर रहा है। कार्यक्रम में विद्यानन्द चंद्राकर चंद्राकर सहित सीईओ राजीव तिवारी, डीएस राजपूत एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। भाठापारा कालेज ग्राउंड से नगर में रैली निकाली गई।

## मार्चपास्ट में स्कूली बच्चों ने दिखाए जौहर



**मल्हार।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षौल्लास के मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपप्राचार्य पीआर शंकरी, विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में शहीद स्व. दीपक कुमार की प्रतिमा में माल्यार्पण और अमर जवान ज्योति पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ की गई। इस अवसर पर प्राचार्य मनोज शिटवस्त्व ने स्व दीपक के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने ध्वजारोहण के बाद परेड का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों ने हॉकी ग्राउंड में मार्च पास्ट कर देश की आन बान शान के लिए अपना जज़्बा दिखाया। जिसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। खेलकूद के क्षेत्र में विशेष योगदान को सम्मानित करते हुए विद्यालय की क्रीड़ा शिक्षिका किरण कुशवाहा ने 67 वें स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों दिव्यांशी कुशवाहा (बॅडमिंटन ), शिल्पी मंडल (टेबल टेन्निस) और मास्टर सम्राट पैगोरे (वॉली बॉल) को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किय गया। कार्यक्रम में चौकी प्रभारी विष्णुदेव यादव के साथ पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

### 26 जनवरी को गणतंत्र पर्व पर अंचल में हुए विविध आयोजन

# निकली प्रभात फेरी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

नवनिर्मित नगर पंचायत बरेला में राष्ट्रीय पर्व के पहले मौके को ऐतिहासिक बनाने नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव व सीएमओ चन्द्रभूषण बांधे के मार्गदर्शन में ध्वजारोहण कार्यक्रम रखा गया।

नगर उपाध्यक्ष कृतिका हेतराम राम धुरी, वाशु देव पटेल, रामावतार पटेल, बबलू पटेल, जमुना पटेल, पवन कुमार जीवराखन पटेल, शेख जुनेद, संजय धुरी, राजा पटेल, पुरषोत्तम यादव, निर्मल कैवर्त, बहोरन निर्मलकर, बलीराम साहू, सुरेंद्र अग्रवाल, रमेश धुरी, रामकुमार गुप्ता संजय निर्मलकर, सुरेश ठाकुर मौजूद रहे। सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य विनोद पटेल की अगुवाई में स्कूली बच्चो की प्रभात फेरी निकाली गई। अध्यक्ष राकेश सिंह बैस, पद्ममन सिह क्षत्री, रघुनाथ सिह, घनश्याम देवांगन, चित्रकान्त जायसवाल अभिभावकों स्कूल स्टाफ की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। भथरी में सरपंच सुभाष डेनियल ने प्राथमिक शाला, मिडिल, हाई स्कूल, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी में ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच शंकर साहू, हलधर पाल, सुनील कुमार, रामधार साहू, भारती मरावी, सुधीर बंजारे, संतोष बंजारे, राजू पटेल, कृष्णा साहू, बलराम बंजारे शिक्षक-शिक्षिकाएं व अभिभावक उपस्थित रहे।



## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का सम्मान



**गौरेला।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में खोडरी हाई स्कूल में छत्तीसगढ़ ओलंपिक में खेलने वाले बच्चों को जनपद सदस्य प्रतिनिधि महेश राठौर के द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चों को खेल प्रतियोगिता में विषेश सहयोग करने के लिए शाहिद खान (वन विभाग) को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सुहैल खान, किशन दुबे उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायतों में रही गणतंत्र पर्व की धूम



धरमपुरा। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। वीर शहीदों को यादकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सरपंच गोलू शर्मा ने ग्राम पंचायत खेढा में प्राथमिक मिडिल व पंचायत भवन में ध्वजारोहण किया। प्राथमिक मिडिल स्कूलों के बच्चों के द्वारा मनमोहक सांसस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किय। प्रतिभागियों को शील्ड व उपहार से पुरस्कृत किया गया। सतीश पाण्डेय, एसके दीक्षित, प्रधान पाठक, उपेन्द्र पाण्डेय, कृष्णा यादव, श्रवण मानिकपुरी, गजानंद साहू, सुरेश शर्मा, सूरज शर्मा, सांवत साहू, सचिव मूरित साहू सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे। ग्राम पंचायत पीथमपुर में सरपंच लक्ष्मी सोनवानी, खुजहा में सरपंच रंजना धृतलहरे, रैनाकापा में सरपंच राजेश्वर साहू, कोना में ऋषि दीवान, धनगांव गोसाईं में सरपंच बेदराम बंजारा, ठाकुरीकापा में सरपंच लिकेश्वर सोनकर, वृहताकार सेवा सहकारी समिति कोदवाबानी में संस्था प्रबंधक बसंत निर्मलकर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर भरत सिंह राजपूत नान्हे सिंह चोवाराम साहू सहित समिति के समस्त स्टॉफ व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गीधा में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक व भूतपूर्व समिति अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक देवी सिंह राजपूत, लालजी साहू, जेठू सिंह, अमित तिवारी, रमेश सिंह सहित समस्त स्टाफ व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## संस्कार विद्या निकेतन स्कूल में मना वार्षिक उत्सव




**पथरिया।** नगर के संस्कार विद्या निकेतन स्कूल के वार्षिक उत्सव का आयोजन मंगल भवन में धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य वशीउल्ला शेख, विशिष्ट अतिथि ग्वालदास अनंत एवं जसपाल छाबड़ा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला के प्राचार्य शकील खान ने की। इस वार्षिक समारोह में स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। पंथी, कर्मा, कविताएं, गीत संगीत ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों को शील्ड, मैडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर एल्डरमैन कमल नारायण द्विवेदी, तुलसी सोनवानी, पार्षद प्रतिनिधि मनोज निषाद, नोडल अधिकारी रजनीश नागेश्वर, लोकपाल मनरेगा मुंगेली जिला एसएम शमीम उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**गौरेला।** सरस्वती शिशु मंदिर पेंड्रारोड में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। समिति के अध्यक्ष अशोक जैन ने ध्वजारोहण किया। नगर पंचायत गौरेला के सीएमओ श्री देवांगन ने मुख्य अतिथि की आसंदी से बच्चों को भारत की सांस्कृतिक धरोहर को संजोकर रखने की सीख दी। भैया बहनों ने प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम से उपस्थित अतिथि और अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए। इसी दौरन धर्म जागरण समन्वय और विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित रंगोली प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर के सचिव इंद्रेश अग्रवाल द्वारा गणतंत्र दिवस कार्यक्रम और देश की सांस्कृतिक पुनरुत्थान में सरस्वती शिशु मंदिर की भूमिका पर व्याख्यान दिया गया। वरिष्ठ आचार्य मथुरा प्रसाद राठौड़ द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजेताओं को दिए गए पुरस्कार

**करगीरोड कोटा।** गणतंत्र दिवस पर सीएसआर महाविद्यालय पीपरतराई में वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोटा क्षेत्र के विभिन्न कालेज एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय की ओर से पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, कर्मा नृत्य व जन-जन के प्राण श्री रामचंद्र जी पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। शासकीय कन्या शाला कोटा की छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मध्य में ग्रामीण प्रतिभा खोज के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार दिए गए। कोटा क्षेत्र के समाज सेवी विष्णु अग्रवाल की उपस्थिति में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं महाविद्यालय की प्रगति की सराहना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के मंजीत सिंह पवार, मुरारीलाल गुप्ता, अटलबिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कार्य परिषद के सदस्य डॉ शिवम अरुण कुमार पटनायक, डॉ सुनील दीक्षित, डॉ रंजीत सिंह पवार, नयनसिंह परिहार, डॉ रामबाबू गुप्ता, अखिलेश पांडे, अमित मिश्रा, संतोष जायसवाल, डॉ शंकर यादव, एमएल साहू, रामलाल साहू, गायत्री साहू, डॉ सपना पवार रहे। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक रोहित सिंह ठाकुर ने एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य डा. डीएन शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में टोकेस्वर टोडर, डॉ जूही चौहान, सूरज सोनकर, श्यामू साहू एवं छात्र-छात्राओं महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ का योगदान रहा।



## स्कूली मंच से ही बच्चों की प्रतिभा में आता है निखार




**मल्हार।** शासकीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढीखार में शनिवार को वार्षिक उत्सव में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने लोक विधा पर आधारित कार्यक्रम पर अपनी प्रस्तुति देकर के लोगों को बांधे रखा। कार्यक्रम में सुआ, कर्मा, पंथी, बस्तर ,सरगुजा से संबंधित प्रस्तुति ने लोगों को पूरे समय तक रहने को मजबूर किया। अतिथियों के रूप में जनपद सदस्य एसके शोल्डे, सरपंच गोमती भैना, उप सरपंच मनोज थवाईत, शाला विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष भरत थवाईत, रामझूल केवट, दीपक कुमार गुप्ता ने अपने विचार प्रस्तुत किए। संस्था के प्राचार्य कांशीराम रजक ने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने के लिए स्कूली मंच की आवश्यकता महत्वपूर्ण होती है। स्कूली मंच से ही बच्चों में की प्रतिभा में निखार आता है। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं में कुमारी अमृत यादव व कक्षा दसवीं के कुमारी रितु केंवट को टॉपर बच्चों के रूप में मंच से सम्मानित किया गया। व्याख्याता कल्पना टंडन को श्रेष्ठ शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रूपेंद्र सिंह महिलांगे व कल्पना टंडन ने किया। सांस्कृतिक प्रभारी कुमारी श्याम यादव, हेनरी, श्वेता सेमुएल, पुष्पा देवी पांडे कार्यक्रम को सफल बनाने जुटे रहे। इस अवसर पर प्रधानपाठक बीरबल थवाईत, डॉक्टर भूपेंद्रधर दीवान, रमेश कुर्रे ,संजय महिपाल, कमलेश्वर सुमन ,अनोद कैवर्त, सुनीता मरावी, छोटेलाल सूर्यवंशी, आदि उपस्थित रहें।

# असद सिद्दीकी बने मुस्लिम समाज के जिलाध्यक्ष

**पेंड्रा।** गौरेला-पेंड्रा मरवाही जिला के मुस्लिम समाज द्वारा 27 जनवरी को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुस्लिम समाज के विकास के लिए सभी समाजों की तरह मुस्लिम समाज के संगठन की आवश्यकता को देखते हुए मुस्लिम समाज का जिलाध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा की गई।

बैठक में पूरे जिले से काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने अपनी उपस्थित दर्ज कराई और सामाजिक संगठन की आवश्यकता और रूपरेखा पर विचार विमर्श किया। इस पद हेतु वर्तमान जनपद सदस्य व पत्रकार असद सिद्दीकी को मुस्लिम समाज का जिलाध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव सलीम भाई की ओर से रखा गया जिस पर आगे की चर्चा कर ऊक्त प्रस्ताव का पूरे मुस्लिम समाज के द्वारा समर्थन करते हुए सर्वसम्मति से असद सिद्दीकी को निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुन लिया गया। कार्यक्रम का संचालन इदरीश खान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मौलाना मो शहाबुद्दीन (अध्यक्ष मुस्लिम समाज पेंड्रा) , हाजी के के अहमद, रियाज कुरैशी, कय्यूम अंसारी, पार्षद शाहिद राईन, हाफिज फजलुर्रहमान, अनीस अंसारी, सिराज खान, गुलशन खान, मो फारुख, पत्रकार सुहैल आलम, सादिक खान, इदरीश अंसारी (इंटक जिलाध्यक्ष) हाजी जुबैर अहमद, अशरफ अली, मौलाना शफीक, अशफाक मंसूरी, अफसर खान, इब्राहिम पप्पू, अंसर जुनजानी, शहबान खान, परवेज अंसारी, मो फैज, वसीम भाई सेमरा, मो फरीद, कल्लू भाई फैज बाग, मो फारुख सेमरा, गुलाम गौस सेमरा, इरशाद इराकी, शादाब सिद्दीकी, जमील भाई ककरैय्या, शहजाद, भाई, इमरान खान, आबिद अली खोडरी, जमील सेमरा, अंसार गौरेला, साबिर सेमरा, आरिफ इलेक्ट्रिक पेंड्रा, शाहिद मोटर मैकेनिक, वाहिद सेमरा, शब्बीर खान सेमरा, हाजी जफर गोरखपुर, मो याकूब सारबहरा, समद अली सेमरा, आदिल अंसारी गौरेला आदि मौजूद थे।



**बड़ी संख्या में शामिल हुईं महिलाएं**

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत रामचरित मानस कथा शुरू

**मुंगेली।** श्री रूद्र महायज्ञ, संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ एवं श्रीराम चरित मानस कथा का आयोजन बीआरसाव हाईस्कूल मैदान में 26 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित है। 26 जनवरी से भव्य कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से निकली। जिसमें महिलाएं सिर पर कलश एवं गाजे-बाजे के साथ विभिन्न टोलियों जिसमें कथा व्यास पीठाचार्य श्रीमद् जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य एवं पं. दीनानाथ उपाध्याय शामिल रहे।

कारेसरा निवासी दीक्षित परिवार द्वारा आयोजित बीआरसाव हाईस्कूल मैदार में श्री रूद्र महायज्ञ, संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ एवं श्रीराम चरित मानस कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्री रूद्र महायज्ञ के यज्ञाचार्य वाराणसी से पं. आमोद शंकर मिश्र है। श्रीमद भागवत महापुराण में कथा व्यास पीठाचार्य श्रीमद् जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य है। भागवत कथा में 29 जनवरी को प्रहलाद चरित्र नृसिंहावतार, 30 जनवरी को कृष्ण जन्मोत्सव, 31 जनवरी को बाल लीला गोवर्धन पूजा, उपनयन संस्कार, 1 फरवरी को श्रीकृष्ण रूखमणि विवाह, 2 फरवरी को श्री सुदामा कृष्ण मिलन, 3 फरवरी को हवन पूर्णाहुति, ब्राम्हण भोजन, भंडारा प्रसाद का कार्यक्रम रखा गया है। कथा का समय दोपहर 2 बजे से सायं काल 6 बजे तक है। रात्रि में 8 बजे से 11 बजे तक श्रीरामचरित मानस कथा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास कामदगिरी पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य जी महाराज चित्रकूट धाम से है।



**श्रीराम जानकी मंदिर में आयोजित हुई प्रतियोगिता**

# किशुनगढ़ की टीम ने किया ट्रॉफी पर कब्जा

**सेतगंगा/मुंगेली।** क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन श्रीराम जानकी मंदिर श्वेतगंगा परिसर में किया गया। जिसमें कुल 80 टीम ने भाग लिया। फाइनल मैच किशुनगढ़ और श्रीराम सेना के मध्य खेला गया।

द टॉस श्रीराम सेना श्वेतगंगा ने जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। निर्धारित 10 ओवर में किशुनगढ़ ने 94 रन बनाए। कुलदीप ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपने टीम के लिए रन बनाया। वही गेंदबाज ने विकेट लिये। श्री राम सेना की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 65 रन पर ही सिमट गई। इस तरह किशुनगढ़ ने 21 रन से जीत हासिल की। श्वेतगंगा उप विजेता रहा। तृतीय स्थान सुकला भाटा और चतुर्थ स्थान खैरा श्वेतगंगा टीम रही। प्रथम पुरस्कार 9001, सनत देवांगन, कमल टोन्डर, अभिषेक जायसवाल, अमन भास्कर, द्वितीय पुरस्कार 5001 रूपए जय देवांगन, भागीरथी सिंह, तृतीय पुरुस्कार सुरेश केशरवानी, पंचराम बघेल और चतुर्थ पुरस्कार 2501 रूपए सतीश देवांगन, संतोष देवांगन के द्वारा प्रदान किया गया। गोल्डन प्लेयर, भागीरथी सिंह और बेस्ट युवा कप्तान आदित्य सिंह, मैन आफ द मैच कुलदीप, मैन आफ द सीरीज व बेस्ट कीपर ईश्वर टोन्डर बेस्ट बैट्समैन आशुतोष जायसवाल, बेस्ट बॉलर कमल टोन्डर, बेस्ट अंपायर अभिषेक जायसवाल को नवाजा गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, राधेश्याम दास और अध्यक्षता सुशील बंछोर थाना प्रभारी फास्टरपुर ने की। विशिष्ट अतिथि योगेश शर्मा, रामजी शर्मा, जय देवागन, भागीरथी सिंह, नरेंद्र जायसवाल, सनत देवांगन, नीरज केशरवानी, कन्हैया सिंह बैस, कन्हैया गुप्ता, संतोष देवांगन, राजेश गुप्ता, किशन गुप्ता, अखिल टोन्डर, देवेंद्र परिहार, मंगलम सिंह, रमाकांत सोनी, रमाकांत जायसवाल, सतीश देवांगन थे।



प्रतिभागी टीम के खिलाड़ी।

# ट्रैक्टर की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र घायल

**लोरमी।** धुंधी दाई मंदिर से दर्शन कर लौट रहे बाइक सवारों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में एक बालक सहित तीन घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार परसवारा निवासी कोमल पिता तोरण ध्रुव उम्र 9 वर्ष कोमल के पिता तोरण ध्रुव एवं ग्राम ढोलगी निवासी प्रभाकर सिंह मरावी पिता भागवत सिंह मरावी उम्र 32 वर्ष धुंधी दाई मंदिर से दर्शन कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। शाम 6.30 बजे वे पेंड्री तालाब मेन रोड पहुंचे थे कि ट्रैक्टर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तोरण ध्रुव, कोमल ध्रुव एवं प्रभाकर सिंह मरावी घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। हादसे में तोरण ध्रुव गम्भीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी अखिलेष वैष्णव ने 108 को फोन कर घटना स्थल पर बुलाया एवं घायलों अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने तोरण ध्रुव को परीक्षण के पश्चात मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल कोमल ध्रुव एवं प्रभाकर सिंह मरावी का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है।



28-JAN-REGNOL-aultor-Pg-3_Layout 1 1/28/2024 11:22 PM Page 1